✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स


✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 21 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 17 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



भारतीय क्रिकेटर आकाशदीप के घर पहुंच सीएम सम्राट चौधरी ने दी शादी की बधाई




### मुख्यमंत्री ने कैमूर में 196 करोड़ की 60 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# रोहतास-कैमूर के बीच बनेगा एयरपोर्ट : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को कैमूर पहुंचे। यहां मां मुंडेश्वरी धाम में पूजा अर्चना करने के बाद सहयोग शिविर में भी शामिल हुए। इसके बाद कैमूर वासियों को 196.05 करोड़ रुपये की 60 विकास योजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने क्षेत्र के विकास को लेकर कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि जल्द ही रोहतास और कैमूर के बीच एयरपोर्ट बनाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने का निर्देश दे दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता मुंडेश्वरी धाम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। लंबे समय से लंबित रोप-वे परियोजना का निर्माण कार्य बरसात खत्म होते ही शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अगली बार आने पर वह स्वयं इसका शिलान्यास करेंगे। सम्राट चौधरी ने बताया कि मां ताराचंडी, तुतला भवानी और गुप्ता धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। सरकार कैमूर को टूरिस्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंडेश्वरी धाम परिसर में स्थित धर्मशाला का भी नवीनीकरण किया जाएगा। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मां



मुंडेश्वरी धाम को फोरलेन सड़क से जोड़ा जाएगा। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। सीएम ने शिक्षा को लेकर भी बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में बिहार के सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। यहां छात्रों को नीट, जेईई और आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बच्चे भी पढ़ेंगे। इससे शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैमूर के कई छात्र पढ़ाई के लिए वाराणसी स्थित बीएचयू जाते हैं। सरकार ने अधिकारियों को बिहार में ही बीएचयू की शाखा खोलने की संभावनाओं पर काम करने का निर्देश दिया है। सहयोग शिविरों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 3.36 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक मामलों का निष्पादन हो चुका है। उन्होंने कहा कि तय समय में काम नहीं करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। 30 दिनों तक आदेश लंबित रखने वाले अधिकारी स्वतः निलंबित माने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 25 लाख बीपीएल परिवारों के घरों पर सोलर पैनल लगाएगी। इससे लोगों को बिजली बिल से राहत मिलेगी। यदि 125 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन होगा तो सरकार उसके बदले भुगतान भी करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और सरकार हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

## अंचल कार्यालय में रिश्वत लेते क्लर्क गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण में मंगलवार को निगरानी विभाग को एक्शन देखने को मिला है। जिले के बेतिया अंचल कार्यालय में निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरटीपीएस काउंटर पर कार्यरत क्लर्क राज कुमार मिश्रा को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार क्लर्क की पहचान चनपटिया थाना क्षेत्र के पकड़िहार गांव निवासी राज कुमार मिश्रा के रूप में हुई है जो पिछले पांच वर्षों से बेतिया अंचल कार्यालय में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि जमाबंदी अनलॉक करने के नाम पर राज कुमार मिश्रा द्वारा लगातार अवैध वसूली की जा रही थी। पीड़ित बालेश्वर कुमार ने आरोप लगाया कि बीते छह महीनों से उनसे 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। क्लर्क की लगातार मांग और दबाव से परेशान



होकर उन्होंने निगरानी विभाग से इसकी शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। मंगलवार को बेतिया अंचल कार्यालय में जाल बिछाकर निगरानी विभाग की टीम ने क्लर्क राज कुमार मिश्रा को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम आरोपी क्लर्क राज कुमार मिश्रा को अपने साथ लेकर आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### प्रदेश में बाढ़ पूर्व की सभी तैयारियां पूरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि बाढ़ पूर्व की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कटाव निरोधक कार्य पूरे हो चुके हैं। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कटाव निरोधी कार्यों के साथ-साथ फ्लड फाइटिंग सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण कर लिया गया है। वे जदयू दफ्तर में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर की पहल से आमजन की अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित हो रहा है जिससे जनता में संतोष का वातावरण है।

#### स्नातक छात्र-छात्राओं के लिए होगी रोजगारपरक शिक्षा की व्यवस्था

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्नातक छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को औद्योगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके तहत नए शैक्षणिक सत्र से सभी डिग्री कॉलेजों में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम चलेगा। इससे मिलने वाले अनुभव से वे पेशेवर बन सकेंगे। इस संबंध में बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखा है। पिछले दिनों इस प्रोग्राम के कार्यान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड के साथ समझौता किया है।

#### मंडल स्तर पर योग दिवस मनाएगी भाजपा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिहार भाजपा की ओर से 5 से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पार्टी ने 21 जून को मंडल स्तर पर योग दिवस मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में योग कार्यक्रम में शामिल होंगे।

#### युवक की हत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** सरमेरा थाना क्षेत्र के घड़ियारी गांव में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके शरीर पर जगह-जगह चाकू गोदने के निशान मिले हैं। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक भगवन कुमार भदौर के डुमरिया गांव का रहने वाला था। वह दिल्ली में काम करता था तथा कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था।

## 20 जून को आएगा पीएम किसान योजना का पैसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करने की तारीख का ऐलान कर दिया है। बताया जा रहा है कि आगामी 20 जून को पात्र किसानों के बैंक खाते में 2000 रुपये की राशि ट्रांसफर की जाएगी। इस खबर के बाद देशभर के किसानों में खुशी का माहौल है। पीएम किसान योजना के तहत सरकार हर साल किसानों को आर्थिक सहायता देती है ताकि खेती-किसानी से जुड़े खर्चों में उन्हें मदद मिल सके। इस योजना के तहत पात्र किसानों को साल में तीन किस्तों में कुल 6000 रुपये दिए जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए किस्त जारी होने की तारीख की जानकारी दी गई है। हालांकि अभी यह साफ नहीं किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार किस राज्य या स्थान से किसानों के खाते में राशि भेजेंगे। पीएम किसान योजना की पिछली किस्त यानी 22वीं किस्त 13 मार्च को जारी की गई थी। उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी से किसानों के खाते में राशि भेजी थी। 22वीं किस्त में करीब 9 करोड़ 46 लाख 15 हजार 309 किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। सरकार ने साफ कर दिया है कि पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए कुछ जरूरी प्रक्रियाएं पूरी होना अनिवार्य है। जिन किसानों ने अभी तक इ-केवाईसी पूरा नहीं कराया है उनके खाते में किस्त की राशि अटक सकती है। इसके अलावा सरकार ने फार्मर आईडी को भी जरूरी बताया है।

## बंद होंगे डबल मीनिंग और जातिसूचक गानें

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में सार्वजनिक जगहों पर बजने वाले अश्लील, डबल मीनिंग और जातिसूचक गानों को लेकर कला एवं संस्कृति विभाग ने गृह विभाग को पत्र भेजकर ऐसे गानों के प्रसारण पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। सरकार का मानना है कि इस तरह के गानों का समाज पर गलत असर पड़ रहा है और इससे सामाजिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से गृह विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि राज्य के कई सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, आयोजनों, वाहनों, शादी-विवाह समारोहों और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अश्लील, द्विअर्थी और जातिसूचक गाने खुलेआम बजाए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार ऐसे गानों के कारण समाज में भाईचारे और सौहार्द की भावना कमजोर हो रही है।

## राष्ट्र निर्माण में किसानों की भूमिका अहम : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड कृषि उत्पादन मेला-2026 का उद्घाटन किया। मेले के उद्घाटन अवसर पर कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों, कृषि उद्यमियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मेले के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों और बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव कृषि क्षेत्र पर टिकी हुई है। उन्होंने जैविक उत्पादों के उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि झारखंड में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है जिसका उपयोग कर राज्य जैविक खेती के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता



है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और कृषि को व्यवसायिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सीएम सोरेन ने कहा कि समाज और राज्य के विकास के लिए सभी लोगों को जाति, धर्म और अन्य भेदभावों से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही राज्य की समृद्धि का आधार है और सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांवों और खेती-किसानी में बसती है। उन्होंने कहा कि किसान का इतिहास जाति, धर्म और समुदाय से भी पुराना है तथा खेती ने सभ्यता और समाज को जोड़ने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जय जवान, जय किसान' केवल एक नारा नहीं बल्कि देश की पहचान है। किसान अपनी मेहनत और पसीने से पूरे देश का पेट भरता है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को केवल मजदूर नहीं बल्कि सफल व्यापारी के रूप में स्थापित करना चाहती है। उन्होंने बताया कि सरकार अब तक 2000 करोड़ रुपये से अधिक का कृषि ऋण माफ कर चुकी है। उन्होंने किसानों से सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। मेले में कृषि, बागवानी, पशुपालन और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। झारखंड कृषि उत्पादन मेला-2026 के दौरान किसानों को नई कृषि तकनीकों, जैविक खेती, मूल्य संवर्धन और कृषि व्यापार के विभिन्न आयामों की जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार को उम्मीद है कि यह आयोजन किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पूर्वांचल क्षेत्र को मिलने जा रहा तीन रेल सेवाओं का उपहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हरी झंडी दिखाकर करेंगे शुभारंभ**

**पटना।** पूर्वांचल और बिहार के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जल्द ही नई एवं महत्वपूर्ण रेल सेवाओं की शुरुआत होने जा रही है जबकि दोहरीघाट औड़िहार रेल सेवा का विस्तार वाराणसी तक होने जा रहा है। इस पहल से क्षेत्र के लाखों यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधाएं मिलेंगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी छपरा से इन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नई सेवाओं से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश का दिल्ली से संपर्क और मजबूत होगा। छपरा और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) के बीच नई रेल सेवा शुरू की जाएगी। यह ट्रेन बलिया, मऊ, आजमगढ़, लखनऊ, कानपुर के रास्ते संचालित होगी, जिससे बिहार और पूर्वांचल के यात्रियों को दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। साथ ही मऊ-दिल्ली नियमित रेल सेवा के रूप में शुभारंभ होने जा रहा है। यह ट्रेन मऊ से चलकर आजमगढ़, जौनपुर, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) जाएगी। इस रेल सेवा से इस रूट पर यात्रियों को और अधिक सीट उपलब्ध होंगी। क्षेत्र से उठ रही मांग को स्वीकार करते हुए रेल मंत्री ने दोहरीघाट-औड़िहार रेल सेवा को वाराणसी तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। इस विस्तार से मऊ, गाजीपुर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को वाराणसी तक सीधा रेल संपर्क मिलेगा जिससे धार्मिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्राएं अधिक आसान होंगी। इन रेल सेवाओं और विस्तार का लाभ छपरा, मऊ, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़, देवरिया सहित पूरे पूर्वांचल क्षेत्र को मिलेगा। दिल्ली और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों तक बेहतर पहुंच से व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। इन रेल सेवाओं का शुभारम्भ जल्द ही छपरा में प्रस्तावित कार्यक्रम से होने की संभावना है। यह अवसर पूर्वांचल और बिहार के रेल संपर्क के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## क्रिकेटर आकाशदीप के घर पहुंच सीएम सम्राट चौधरी ने दी शादी की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कैमूर दौरे के बाद मंगलवार को करीब एक बजे हवाई मार्ग से रोहतास जिले के बड्डी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय क्रिकेटर आकाशदीप के बड्डी गांव स्थित पैतृक आवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात की तथा उनके आगामी वैवाहिक जीवन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस दौरान सम्राट चौधरी के साथ बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत अन्य अधिकारी और नेता मौजूद रहे। बता दें कि मुख्यमंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को कैमूर पहुंचे थे। वहां उन्होंने प्रसिद्ध मां मुंडेश्वरी धाम में दर्शन-पूजन किया और एक सहयोग शिविर में शिरकत करते हुए कैमूर जिले के लिए कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। कैमूर में सभी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री दोपहर करीब एक बजे हेलिकॉप्टर से सीधे रोहतास जिले के बड्डी गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पहले से ही दो हेलीपैड बनाए गए थे जहां से वे क्रिकेटर आकाशदीप के घर पहुंचे। इस दौरान बड्डी गांव में मुख्यमंत्री से मिलने के लिए एनडीए के स्थानीय नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# 127 शराब माफिया की जब्त होगी संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने और अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य में शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की योजना तैयार की गई है जिसके तहत 100 से अधिक माफियाओं की संपत्ति जब्त की जाएगी। अब तक 127 शराब माफियाओं की पहचान की जा चुकी है जिनकी अवैध संपत्तियों को जब्त करने के लिए न्यायालय में प्रस्ताव भेजा गया है। बिहार सरकार लगातार यह दावा करती रही है कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है। हालांकि शराब माफिया इस कानून को चुनौती देने में लगे रहते हैं। पुलिस और प्रशासन समय-समय पर इन माफियाओं पर कार्रवाई करते हैं और उनके नेटवर्क को तोड़ने की कोशिश करते हैं। मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने बीएनएसएस की धारा 107 के तहत 127 शराब माफियाओं की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव न्यायालय को भेजा है। सरकार का लक्ष्य है कि अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर पूरी तरह से कार्रवाई की जाए। मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के डीआईजी अजय कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि वर्ष 2026 में पुलिस द्वारा प्रत्येक माह औसतन 3,50,677 लीटर शराब बरामद की गई है, जो 2025 के मासिक औसत 3,14,610 लीटर से 11 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह ब्यूरो द्वारा वर्ष 2026 में औसतन 1,06,237 लीटर शराब प्रतिमाह जब्त की गई, जो पिछले वर्ष के 85,645 लीटर के मुकाबले 24 प्रतिशत अधिक है। इस साल मई तक 38,474 लीटर स्पिरिट भी बरामद की गई है। शराब माफियाओं के खिलाफ वर्ष 2026 में मई तक कुल छह बड़े ऑपरेशन चलाए गए हैं। इनमें से पांच ऑपरेशन उत्तर प्रदेश में और एक झारखंड में संचालित किया गया। इन अभियानों के दौरान पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शराब और वाहन जब्त किए गए। डीआईजी ने बताया कि इस वर्ष अब तक 50 हजार से अधिक लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मद्य निषेध अधिनियम के तहत कुल 57 हजार से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें 19,877 कारोबारी और 37,027 शराब पीने वाले शामिल हैं। इसके अलावा 569 स्थानीय शराब कारोबारी और अन्य राज्यों से पांच बड़े माफियाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार अप्रैल 2016 से मई 2026 तक जब्त की गई कुल शराब का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा नष्ट किया जा चुका है जो शराबबंदी कानून के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

C M Y K

# बिहार में बनेंगे 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्के थ्रेसिंग फ्लोर

## किसानों के लिए भंडारण गोदाम एवं पक्के थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण योजना को मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अब किसानों को फसल कटाई के तुरंत बाद कम कीमत पर अपनी उपज बेचनी नहीं पड़ेगी। इसके लिए कृषि विभाग राज्य में 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर बनाने जा रहा है। गोदाम निर्माण से किसान अपनी उपज को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर सकेंगे तथा बाजार में अनुकूल मूल्य मिलने पर उसे बेचकर अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा कृषि क्षेत्र में आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि गोदाम निर्माण योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। योजना के तहत 88 इकाई 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम, 217 इकाई 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण प्रस्तावित है। किसानों को कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण तथा बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (डीपीआर) के अंतर्गत किसानों के लिए 100 एवं 200 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण और पक्का थ्रेसिंग फ्लोर की स्थापना की महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जाएगी। इस योजना के लिए कुल 24 करोड़ रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव है जिसमें केंद्रांश 14.40 करोड़ रुपये तथा राज्यांश 9.60 करोड़ रुपये शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि यह योजना कृषि अवसंरचना के विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अनुमान है कि 88 गोदामों के निर्माण से 96,536 मानव दिवस, 217 बड़े गोदामों के निर्माण से 3,39,388 मानव दिवस तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण से 12,000 मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे। इस प्रकार योजना के माध्यम से कुल 4,47,924 मानव दिवस रोजगार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के बेहतर प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी, करार आज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पीएमई बस सेवा योजना के तहत बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी। इसको लेकर बुधवार को बिहार राज्य पथ परिवहन निगम और ग्रीनसेल मोबिलिटी के बीच करारनामा पर हस्ताक्षर होगा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत होंगे। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य में 400 एसी इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू होने से शहरी सार्वजनिक परिवहन को नई गति मिलेगी। इससे यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी, प्रदूषण में कमी लाने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि इन बसों का परिचालन राज्य के छह प्रमुख शहरों यथा पटना में 150, गयाजी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं पूर्णिया में 50-50 बसों का परिचालन किया जाएगा।

# बिहार प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारियों की आईएएस में पदोन्नति, राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के 14 वरिष्ठ अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नति प्रदान की गई है। भारत सरकार द्वारा चयन संबंधी अधिसूचना जारी किए जाने के बाद बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही बिहार प्रशासनिक सेवा के ये 14 अधिकारी अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) के अधिकारी कहलाएंगे। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रोन्नत अधिकारियों को दो बैचों में आईएएस संवर्ग आवंटित किया गया है। इनमें सात अधिकारियों को वर्ष 2016 बैच तथा सात अधिकारियों को वर्ष 2017 बैच प्रदान किया गया है। सभी अधिकारियों को अगले आदेश तक अपने वर्तमान पदस्थापन पर ही आईएएस अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2016 बैच आवंटित अधिकारियों में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव मृणांयक दास, शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) मनोरंजन कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव एवं बिहार युवा आयोग के अतिरिक्त प्रभार सचिव विकास कुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. गगन, पूर्णिया के उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद अंजनी कुमार, वित्त विभाग की संस्थागत वित्त शाखा के संयुक्त सचिव इजतबा हुसैन तथा सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव रजनीश कुमार शामिल हैं। वर्ष 2017 बैच आवंटित अधिकारियों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त सचिव विधु भूषण चौधरी, पंचायती राज विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी वसीम अहमद, परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव कृत्या नन्द रंजन, पटना के जिला पंचायती राज पदाधिकारी राशिद आलम, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक इबरार अहमद खान, नगर विकास एवं आवास विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अपर सचिव हेमंत कुमार सिंह शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) में प्रोन्नति के आधार पर नियुक्त सभी अधिकारियों को अगले आदेश तक अपने वर्तमान पदों पर ही आईएएस अधिकारी के रूप में कार्य करना होगा।

# केवाइपी में नामांकन तिथि की घोषणा नहीं होने से छात्रों में आक्रोश, केंद्र संचालकों में बढ़ी बेचैनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) में नए बैच के नामांकन की तिथि अब तक घोषित नहीं होने से राज्यभर के हजारों छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। वहीं केवाईपी केंद्र संचालकों के बीच भी असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। छात्रों का कहना है कि वे लंबे समय से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट सूचना जारी नहीं की गई है। इससे उनके प्रशिक्षण और भविष्य की योजनाएं प्रभावित हो रही है। कई युवाओं ने बताया कि केवाईपी के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने की उम्मीद थी, लेकिन अनिश्चितता के कारण वे असमंजस की स्थिति में हैं। दूसरी ओर केवाईपी केंद्र संचालकों का कहना है कि नामांकन प्रक्रिया बंद रहने से उनके केंद्रों का संचालन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों के वेतन, किराया और अन्य प्रशासनिक खर्चों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि समय पर नामांकन नहीं होने से प्रशिक्षण गतिविधियां ठप पड़ी है और इसका असर केंद्रों की कार्यप्रणाली पर पड़ रहा है। केंद्र संचालकों ने बिहार कौशल विकास मिशन से जल्द से जल्द नामांकन तिथि घोषित करने की मांग की है, ताकि छात्रों को प्रशिक्षण का अवसर मिल सके और केंद्रों का संचालन भी सुचारु रूप से जारी रह सके। गौरतलब है कि केवाईपी योजना के तहत युवाओं को कंप्यूटर, संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन नए बैच के नामांकन को लेकर बनी अनिश्चितता से छात्रों और केंद्र संचालकों दोनों की चिंता बढ़ती जा रही है। विभाग की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# सहयोग शिविर में मंत्री श्रवण कुमार ने सुनीं लोगों की समस्याएं

## सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने मंगलवार को शिवहर जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित जनकल्याण सह सहयोग शिविरों में भाग लेकर आम लोगों की समस्याओं का जायजा लिया। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 232 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 205 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। मंत्री श्रवण कुमार ने जिले के पुरनहिया प्रखंड के बसंतपट्टी पंचायत, पिपराही प्रखंड के मेसौढ़ा गांव तथा मकसूदपुर करिया पंचायत में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बसंतपट्टी पंचायत में आयोजित शिविर में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 23 का तत्काल समाधान कर दिया गया जबकि दो मामलों को निरस्त किया गया। यहां ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। वहीं मेसौढ़ा गांव में आयोजित शिविर में 62 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 47 मामलों का निपटारा किया गया। यहां राजस्व एवं भूमि सुधार तथा सामान्य प्रशासन विभाग से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। मकसूदपुर करिया पंचायत में आयोजित शिविर में लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। यहां कुल 143 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें से 135 मामलों का समाधान मौके पर कर दिया गया जबकि चार मामलों को अस्वीकृत कर दिया गया। इस शिविर में राजस्व एवं भूमि सुधार, ग्रामीण विकास, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा ऊर्जा विभाग से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक रही। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जनकल्याण सह सहयोग शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और उनकी समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें बसंतपट्टी पंचायत की मुखिया उषा देवी, जिला अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, प्रखंड अध्यक्ष अजय मिश्रा, नरेंद्र पटेल, हरिद्वार राय पटेल, प्रतिभा रानी कुणाल, अमरेश पाण्डेय समेत कई जनप्रतिनिधि, बीडीओ एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

# एकलव्य मॉडल स्कूलों में अब सीबीएसई पाठ्यक्रम से होगी पढ़ाई : मंत्री

## राज्य में आदिवासी बच्चों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अब कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई सीबीएसई माध्यम से होगी। केंद्र सरकार से इस संबंध में अनुमति मिल चुकी है। वर्तमान में बिहार में तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें पश्चिम चंपारण के बेलासड़ी, जमुई के आस्था और कैमूर के अधौरा शामिल हैं। प्रत्येक स्कूल में लगभग 600 बच्चे पढ़ रहे हैं, इस प्रकार कुल करीब 1800 आदिवासी छात्र-छात्राएं इन विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन तीनों क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। विभाग ने आदिवासी बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है। एससी-एसटी मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि सीबीएसइ पैटर्न लागू होने के बाद सभी एकलव्य स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में जल्द ही डिजिटल लैब, अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक और कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार के 24 जिलों में आदिवासियों की कुल जनसंख्या 13 लाख 36 हजार है। इनमें जमुई, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिलों में आदिवासी आबादी अधिक है। इन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और संरक्षण के लिए एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीबीएसइ पैटर्न लागू होने से अब इन विद्यालयों के गरीब एवं जनजातीय परिवारों के बच्चे भी नीट, जेईई तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में देश के अन्य छात्रों के साथ बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कैमूर के अधौरा स्थित एकलव्य स्कूल में एक साल पहले कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर 70 से अधिक नाबालिग लड़कियों की ट्रैफिकिंग का मामला सामने आया था जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

# नए डिग्री कॉलेजों में एक जुलाई से पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी में जुटा विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में 1 जुलाई से नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने के लिए उच्च शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इसके लिए सभी कॉलेजों में प्राचार्यों की नियुक्ति के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी गई है। विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के चौथे निश्चय 'उन्नति शिक्षा उन्नति भविष्य' के तहत डिग्री महाविद्यालय विहीन सभी प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। बताया जाता है कि राज्य के 534 प्रखंडों में से 211 प्रखंडों में अभी कोई भी अंगीभूत या संबद्ध डिग्री कॉलेज नहीं है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने महाविद्यालय विहीन प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने के साथ ही नए सत्र से पढ़ाई शुरू करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू कराने के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। नए डिग्री कॉलेजों में प्राचार्य, विषयों के अनुसार शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी गई है। पढ़ाई शुरू करने से पहले वहां संसाधन की व्यवस्था की जा रही है। ताकि निर्धारित समय से पढ़ाई शुरू हो सके। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि सभी नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नए सत्र से बिहार के 211 प्रखंडों में खोले जा रहे नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी।

# नवगीतिका समर कैंप की शुरुआत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सांस्कृतिक संस्था नवगीतिका लोक रसधार द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप की रंगारंग शुरुआत की गई। समर कैंप का उद्घाटन बिहार की प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. जूली बनर्जी, समाज सेवी शालिनी सिंह, रानी गुप्ता, नीतू सिंह, आरती मिश्रा, चंद्रभूषण सिंह तथा संस्था की सचिव नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस अवसर पर नीतू कुमारी नवगीत ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को विविध कलाओं का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया किया गया है जिसमें मुख्य फोकस लोक नृत्य और लोकगीतों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की लोक संस्कृति काफी समृद्ध है और नई पीढ़ी को बिहार की परंपरागत संस्कृति से जोड़ कर रखना है। समर कैंप में बच्चों का प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के लिए कई नामचीन कलाकारों और लोक गायको ने भी अपनी निशुल्क देने सेवा देने पर सहमति दी है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# शत्रुघ्न पासवान ने जीता स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के तत्वावधान में 15 वीं फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग का अयोजन लुधियाना, पंजाब में किया गया जिसमें पटना रेल जीआरपी में कार्यरत शत्रुघ्न पासवान ने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए 75 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर बिहार का नाम गौरवांवित किए। वही प्रकाश कुमार, गोविंद कुमार, सुमित कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन किए। इस ऐतिहासिक क्षण पर न्यू बॉडी बिल्डिंग एवम फिटनेस एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ रणबीर नन्दन, (अध्यक्ष बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड) हार्दिक शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कमाना किए। साथ ही संघ के अध्यक्ष अभय सुंदर, सचिव विजय कुमार कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष गुंजेश झा, संयुक्त सचिव उपेन्द्र कुमार, मुकुल कुमार चौधरी, अजय कुमार, सूरज भानु गुप्ता, मनोज कुमार एवं सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी। यह जानकारी संघ के सचिव विजय कुमार ने दी।

# दूरदर्शन बिहार मगही भाषा में करेगा नियमित प्रसारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दूरदर्शन बिहार मगही भाषा में नियमित प्रसारण करेगा। मगही भाषा के विकास को लेकर काम कर रही संस्था मगही कनेक्शन के अनुरोध पर मगही भाषा में प्रत्येक 15 दिनों पर नियमित कार्यक्रम प्रसारण हेतु डीडी बिहार के केंद्र निदेशक डॉ मनोज प्रभाकर ने सहमति दी है। आकाशवाणी पटना के कार्यक्रम सहायक निदेशक अमित कुमार ने भी मगही भाषा में कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार किया है। इस आशय की जानकारी मगही कनेक्शन के अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार और सचिव रविशंकर उपाध्याय ने देते हुए बताया कि मगही कनेक्शन के प्रतिनिधिमंडल ने डीडी बिहार और आकाशवाणी पटना के केंद्र निदेशक को इस आशय का प्रस्ताव सौंपा जिसके उपरांत निदेशक द्वय ने अपनी टीम को इस संबंध में कार्यक्रम आयोजन हेतु निदेशित किया है। डॉ मनोज प्रभाकर ने रंग बिहार के, साहित्यिकी और बिहार विहान जैसे कार्यक्रम को मगही भाषा में भी प्रसारित करने के निदेश डीडी बिहार की टीम को दिए हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती के अन्य क्षेत्रीय/स्थानीय मंचों पर मगही भाषा के नियमित कार्यक्रम शुरू करने के आवश्यक पहल हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार को भी ज्ञापन सौंपा गया था।

# फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल ने की अचार का परफेक्ट जोड़ीदार के चौथे संस्करण की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल ने भारत की पारंपरिक घरेलू अचार बनाने की संस्कृति का उत्सव मनाते हुए अपने प्रमुख सीजनल कैंपेन अचार का परफेक्ट जोड़ीदार का चौथा संस्करण लॉन्च किया है। यह 360-डिग्री कैंपेन डिजिटल, ओटीटी, इन्फ्लुएंसर सहयोग, आउटडोर मीडिया और विभिन्न उपभोक्ता गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। कंपनी के अनुसार, यह कैंपेन भारतीय परिवारों में अचार बनाने की सदियों पुरानी परंपरा और उससे जुड़ी यादों, रिश्तों तथा पाक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अचार बनाने में सरसों के तेल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल इस परंपरा से अपने जुड़ाव को और मजबूत कर रहा है।

# राज्य में मछली पालन की असीम संभावनाएं, रुकेगा पलायन : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में मात्स्यिकी, मत्स्य और जल कृषि के विकास की असीम संभावनाएं हैं। हमारा विभाग गांवों में पहुंचेगा और बिहार के पलायन को रोकने में कामयाब होगा। इससे बेरोजगारी कम होगी। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग गांवों का विभाग है। ये बातें डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंद किशोर राम ने मंगलवार को कही। वे मीठापुर स्थित नवनिर्मित मत्स्य विकास भवन में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। ध्यान रहे कि बीते सोमवार को मत्स्य विकास भवन में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों किया गया था। मंगलवार को हुई इस कॉन्क्लेव में मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि समग्र मात्स्यिकी विकास के लिए हुए इस आयोजन से राज्य के मत्स्य पालकों, किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग मिलेगा। मंत्री ने कहा कि बिहार में मछली उत्पादन में लगातार रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि दर्ज की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जहां राज्य का कुल मछली उत्पादन 9.69 लाख मीट्रिक टन था, वहीं यह वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 10.28 लाख मीट्रिक टन हो गया है। सरकार के प्रयास से 7,990 हेक्टेयर में नए जल क्षेत्र का सृजन, 2,721 हेक्टेयर चौर भूमि में आधुनिक तालाबों का निर्माण और 5,264 ट्यूबवेल का अधिष्ठापन किया गया है। साथ ही 233 मत्स्य बीज हैचरी अधिष्ठापित की गई है। इन कार्यशील हैचरियों से राज्य की लगभग 70 प्रतिशत मत्स्य बीज की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है जिसका परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,753.45 मिलियन मत्स्य बीज का वार्षिक उत्पादन हुआ है। वहीं राज्य में स्थापित 89 फिश फीड मिलों से 50 हजार टन मछली आहार का उत्पादन राज्य के अंदर ही होने लगा है। मत्स्य बाजारों में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अब तक 6,449 वाहन एवं 12,172 मत्स्य विपणन किट का वितरण किया जा चुका है।

# पुलिस परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा निम्नानुसार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पटना से 07.15 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। बक्सर से 13.30 बजे दानापुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। बक्सर से 18.00 बजे पटना के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। किऊल से 12.30 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया शेखपुरा, नवादा चलायी जाएगी। गया से 17.30 बजे किऊल के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया नवादा, शेखपुरा चलायी जाएगी। बख्तियारपुर से 08.00 बजे राजगीर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया बिहारशरीफ, नालंदा चलायी जाएगी। राजगीर से 13.00 बजे बख्तियारपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।

# रोहतास की विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के विभिन्न पंचायतों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। शिवसागर प्रखंड के नाद पंचायत सरकार भवन में जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त भी शामिल हुए। शिविर के दौरान लाभुकों के बीच राशन कार्ड, विभिन्न प्रमाण पत्र एवं शौचालय निर्माण की राशि का वितरण किया तथा कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कराया। सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों



एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं। प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया तथा लाभुकों को इसकी जानकारी दी गई। डीपीआरओ आशीष रंजन ने बताया कि जिले में आयोजित सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 6,255 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 5,489 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर भी संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविर में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। इसके अलावा नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बताया कि आज शिवसागर प्रखंड के नाद पंचायत, नोखा के दक्षिणी बरांव, रोहतास के अकबरपुर, सासाराम के दरिगांव, दिनारा के भुई, अकोढ़ीगोला के तेतराढ़, विक्रमगंज के जमोढ़ी, चेनारी के सदोखर, दावथ के सहिनाव, डिहरी के मथुरी, काराकाट के अमौना, करगहर के सेनुआर, कोचस के रेडिया, नासरीगंज के अमियावर, नौहट्टा के तिलोखर, संझौली के उदयपुर एवं तिलौथू के रामडीहरा में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इन सभी शिविरों में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में आमजन की समस्याओं का समाधान किया गया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों का समय और संसाधन दोनों बच रहे हैं तथा सरकारी सेवाओं की पहुंच भी अधिक प्रभावी हो रही है।

# सीएम सम्राट चौधरी का भाजपा ने हेलीपैड पर किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के रोहतास जिले के बड्डी ग्राम में प्रथम आगमन पर रोहतास भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में जिले के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बड्डी हैलीपैड पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने अंग वस्त्र एवं बुके से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शीला सिंह कुशवाहा, प्रदेश कोषाध्यक्ष त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व विधायक ललन पासवान, राजेश्वर राज, सत्य नारायण यादव, जवाहर प्रसाद, जिला प्रभारी हिमांशु चतुर्वेदी, मुख्यालय प्रभारी अरुण



कुमार पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राजेंद्र सिंह भोला, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, विजय सिंह, सुधीर सिंह, प्यारेलाल ओझा, विवेक सिंह, सत्यनारायण पासवान, कमलेश कुमार सिन्हा, मालती कुशवाहा, आरती गुप्ता, सत्येंद्र दुबे, राजू गुप्ता, दीपक राय, सनी देओल, रितेश राज, जमशेद अहमद, विनोद गौतम, मृत्युंजय शुक्ला, विवेक बहादुर, राधेश्याम पांडेय, गुड्डू सिंह, शशि भूषण प्रसाद, अमित पटेल सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक की डिक्की तोड़ एक लाख रुपये की चोरी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू बाजार स्थित स्वर्णकार गली में दिनदहाड़े उचक्कों ने बाइक की डिक्की तोड़कर एक लाख रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में तिलौथू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार तिलौथू थाना क्षेत्र के भरखोहा गांव निवासी मीना देवी अपने पुत्र के साथ तिलौथू स्थित बैंक से एक लाख रुपये निकालकर बेटे की शादी के लिए आभूषण खरीदने स्वर्णकार गली पहुंची थीं। बैंक से निकाली गई राशि बाइक की डिक्की में रखी गई थी। इसके बाद मां-बेटे एक आभूषण दुकान में खरीदारी के लिए चले गए। कुछ देर बाद जब वे दुकान से बाहर निकलकर बाइक की डिक्की से रुपये निकालने पहुंचे तो देखा कि डिक्की टूटी हुई है और उसमें रखा एक लाख रुपये गायब है। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों के होश उड़ गए। पीड़िता ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा काफी खोजबीन की, लेकिन रुपये का कोई सुराग नहीं मिला। घटना के बाद पीड़ित महिला ने तिलौथू थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है तथा सभी पहलुओं पर पुलिस पड़ताल कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## समर कैंप में बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का दम, विजेताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजपूतान मोहल्ला स्थित जेएमएस स्टडी सेंटर एवं पाली रोड स्थित ओपन माइंड क्लासेज में आयोजित समर कैंप का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जेएमएस स्टडी सेंटर में आयोजित प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में चाहत कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सदफ (जूनियर ग्रुप) एवं हर्षित को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं आसिया ने द्वितीय तथा काजल एवं पीयूष ने तृतीय स्थान हासिल किया। ओपन माइंड क्लासेज में आयोजित प्रतियोगिता



में सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजय, सिद्धू एवं राहुल को द्वितीय तथा रोशनी एवं आयुषी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं यश चंद्र को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान की निदेशक प्रभा श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य और वास्तविक कर्णधार हैं। उनकी प्रतिभा और मेहनत ही राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षिका मीनू कुमारी ने कहा कि शिक्षक शिक्षा रूपी अमृत से छात्रों के जीवन को सिंचित करते हैं और उन्हें समाज में एक मजबूत व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यदि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास किया जाए तो हर सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समय की शक्ति अपार है, यह राजा को रंक और रंक को राजा बना सकता है। कार्यक्रम के अंत में ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समर कैंप को सफल बनाने में माधवी चंद्र, शुभम, बिट्टू, झीस, शनि, नैतिक, शिवानी, पंकज, जग्गू, पूजा, शिवम मिश्रा, खुशी, आदित्य और कुंज सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## आत्मा द्वारा किसानों को दी गई आधुनिक खेती की ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण द्वारा मंगलवार को बिक्रमगंज प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पराशर, उद्यान पदाधिकारी ख्याति माथुर, जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह, एटीएम प्रशांत कुमार शर्मा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र सिंह और डॉ. एके जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया जबकि संचालन कृषि समन्वयक संदीप सिंह ने किया। प्रशिक्षण में कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने शारदीय खरीफ खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी और उपज बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके बताए। वहीं डॉ. रतन कुमार ने 'खेत बचाओ अभियान' के तहत मिट्टी जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ भोजन और स्वस्थ जीवन के लिए मिट्टी का हेल्थ कार्ड सही ढंग से उपयोग होना चाहिए। कार्यक्रम में किसान सलाहकार कन्हैया सिंह, कपलेश भारती, प्रभाकर श्रीवास्तव सहित संकट सिंह, संत सिंह, मनोज कुमार, संजीव कुमार गुप्ता, संगीता देवी, प्रिया रंजन समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अंत में कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पाराशर ने सभी आगंतुकों और किसानों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नारायण नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग फाउंडेशन ने किया विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग फाउंडेशन विभाग द्वारा 'विश्व रक्तदाता दिवस 2026' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'मानवता की एक बूंद - रक्तदान करें, जीवन बचाएं।' को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता एवं पम्पलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ओपीडी परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व तथा इस महान कार्य के माध्यम से जीवन बचाने के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। आयोजित



गतिविधियों में पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता, 100 पम्पलेटों का वितरण तथा स्वैच्छिक रक्तदान के संबंध में लगभग 400 ओपीडी आगंतुकों को जन-जागरूकता प्रदान की गई। प्रो. डॉ. के. लता, डीन सह प्राचार्या एवं प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा, उप-प्राचार्या के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद डॉ. निकी मिन्ज, विभागाध्यक्ष, नर्सिंग फाउंडेशन विभाग, दिनेश कुमावत, सहायक प्राध्यापक तथा अक्षय दीप दीवान, नर्सिंग ट्यूटर एवं सभी विद्यार्थियों को दिया गया जिनके उत्साह, समर्पण एवं सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों को उनके सामूहिक प्रयासों के लिए विशेष सराहना की जिन्होंने जागरूकता अभियान को सफल बनाने तथा वैश्विक संदेश- 'मानवता की एक बूंद-रक्तदान करें, जीवन बचाएं।' को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के आयर कोठा थाना परिसर में मुहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार के दिन शाम 6 बजे आयर कोठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने की।

बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोग और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कोई भी नई परंपरा शुरू न करें और निर्धारित रूट से ही ताजिया जुलूस निकालें। इस बार थाना क्षेत्र मे 7 जगहों पर ताजिया का जुलूस निकाला जायगा। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, हथियार का प्रदर्शन नहीं होगा और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट से बचने की भी हिदायत दी। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। मौके पर एस आई शिव कुमार राय, ददन पासवान, सलामत मियां, मोहम्मद जहीर, मुख्तार अंसारी, असरफ अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रखंड स्तरीय जन कल्याण शिविर से योजनाओं को मिली रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राज्य सरकार के निर्देश पर रोहतास जिले के सभी 19 प्रखंडों में 16 से 18 जून तक प्रखंड सहयोग सह जन-कल्याण शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाना था। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इन्द्रदेव कुमार ने जानकारी दी कि पूर्व से पंचायत स्तर पर संचालित विद्युत विभाग के सहयोग शिविर नियमित रूप से जारी है जबकि वर्तमान में प्रखंड स्तर पर लगे विशेष शिविरों में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एक ही छत के नीचे नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी, आवेदन प्रक्रिया में सहायता तथा उनकी समस्याओं का



त्वरित समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। इन शिविरों में विद्युत विभाग द्वारा विशेष रूप से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, कुटीर ज्योति योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित जानकारी व ऑन-द-स्पॉट सेवाएं प्रदान की गईं जिससे पात्र लाभार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही योजनाओं का लाभ लेने में काफी सुविधा हुई और उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। इं. कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी जानकारी के अभाव या जटिल प्रक्रिया के कारण वंचित न रहे। प्रखंड स्तर पर इन शिविरों के आयोजन से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई गति मिली है और प्रशासन व जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं के त्वरित निपटारे तथा सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए पिछले माह से सहयोग शिविरों की श्रृंखला शुरू की गई थी। इसकी शुरुआत 19 मई से ग्राम पंचायत स्तर पर हुई, इसके बाद नगर पंचायत स्तर पर भी शिविर लगाए गए और अब प्रखंड स्तर पर इस व्यवस्था का विस्तार किया गया है।

## मां शीला भवन में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम, इं. ललन सिंह की पुण्यतिथि पर अखंड हरिकीर्तन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले में 'गार्जियन' के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह की सप्तम पुण्यतिथि श्रद्धा, संकल्प और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डिहरी स्थित मां शीला भवन में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूरे परिसर में 'हरे रामा हरे कृष्णा, राम राम हरे हरे' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. ललन सिंह के पुत्र एवं डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, उनकी पत्नी पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह



तथा परिवार के सदस्य सौरभ सिंह, सुरभि सिंह, सुरुचि सिंह, आरती सिंह, माला सिंह, अश्वनी सिंह और निरंजन सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन किया। इसके बाद बारह घंटे का अखंड हरिकीर्तन आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अखंड हरिकीर्तन में अकोढ़ीगोला, बहुरी बिगहा, चंदा बिगहा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कीर्तन मंडली के कलाकारों ने पूरी रात भजनों की अमृतवर्षा की। व्यास परमानंद यादव, संतोष कुमार, संजय यादव तथा ढोलक वादक ददन पासवान समेत दो दर्जन से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति संगीत की मधुर धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

इस अवसर पर विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कीर्तन मंडली एवं आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. इंजीनियर ललन सिंह ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करना उनकी पहचान थी। विधायक ने कहा 'पिताजी भले ही आज शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, आदर्श और आशीर्वाद सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का सपना साकार किया जा सकता है।' कार्यक्रम में डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, अधिवक्ता अमरनाथ सिंह, संजय गुप्ता, कुंवर सिंह, विधायक प्रतिनिधि अरुण शर्मा, दीपक शर्मा, सोना कुमारी, आराध्या कुमारी, प्रमोद महतो सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौरतलब है कि स्व. इंजीनियर ललन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जहां क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## जानलेवा हमला कर किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुसूचित जाति जनजाति थाना में जिले के कोचस निवासी सानू कुमार ने दिनारा थाने के उसराव गांव निवासी पीयूष यादव, अनीश यादव, मोहित कुशवाहा, विवेक यादव समेत पांच अज्ञात के विरुद्ध पिटाई कर बुरी तरह जख्मी करने की प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जब वे अपनी बाइक से बक्सर जिले के राजपुर थाने के धनसोई से गांव वापस आ रहे थे तभी रास्ते में स्कार्पियो सवार पांच लोगों ने ओवरटेक किया और लोहे के रॉड व लाठी से मारपीट की। बेहोशी की हालत में उसे कोचस सामुदायिक अस्पताल में भर्ती किया गया जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया। मारपीट के बाद हमलावरों ने इंटरनेट मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक बिक्री के नाम पर 1.26 लाख की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के सोनहर निवासी उपेंद्र कुमार सिंह ने बाइक खरीदने के नाम पर 1.26 लाख की ठगी की साइबर थाना में प्राथमिकी किया। पुलिस के अनुसार उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर मोटरसाइकिल बिक्री का विज्ञापन देखा। मोबाइल पर संपर्क किया। बिक्री करने वाले कथित फौजी मुकुट पटेल ने आधार कार्ड और स्कैनर भेज रूपये की मांग की। उन्होंने अपनी पत्नी के खाते से 71500 और अपने मित्र दीपेंद्र कुमार के खाते से 55 हजार रुपया भेज दिया तब उन्हें पता चला कि वे साइबर ठगी के शिकार हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सूर्यपुरा में सहयोग सह जन कल्याण शिविर में प्राप्त हुए 50 आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को बिहार सरकार द्वारा संचालित सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया जो सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। शिविर का उद्घाटन दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह, बीडीओ तेज बहादुर सुमन, वरीय पदाधिकारी प्रमोद कुमार और बीईओ मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसका मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए जहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, राजस्व, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामलों पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई और प्राप्त आवेदनों का तुरंत निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में विधायक आलोक कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच अनुदान, स्वीकृति पत्र और अन्य लाभों का वितरण किया और कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 6, बीओसीडब्ल्यू लेबर कार्ड के 6, किसान क्रेडिट कार्ड के 3, पीएम किसान के 2, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 3, राशन कार्ड के 3 और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 21 आवेदन शामिल थे। वहीं वृद्धावस्था पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और अटल पेंशन योजना के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। इस अवसर पर सांख्यिकी पदाधिकारी श्रीनिवास सिंह, सीओ गोल्डी कुमारी, बीपीआरओ अभय कुमार सिंह, आरओ मो. जफर वारसी, मुखिया प्रमोद कुमार, रणजीत सिंह पिंटू, विद्युत जेई आनंद कुमार, जीविका प्रबंधक कुमार गौरव, प्रवेक्षिता अमिता कुमारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बुद्धा वाटिका में मिशन आरोग्य भारत का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के झारखंडी मंदिर टाल बांस के निकट स्थित बुद्धा वाटिका में मिशन आरोग्य भारत आध्यात्मिक मनो चिकित्सा केंद्र (होलिस्टिक हीलिंग फाउंडेशन) के तत्वावधान में स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक संजय प्रकाश (काउंसलर) एवं वैद्य वरुण कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने की विभिन्न पद्धतियों की जानकारी दी। संजय प्रकाश ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ध्यान, सनातन एवं वैदिक पद्धतियों के माध्यम से लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से



स्वस्थ बनाना है। उन्होंने बताया कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, चिंता और मानसिक असंतुलन के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती है। ऐसे में वैदिक परंपराओं और ध्यान की विधियों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सुख, शांति और आनंदमय बना सकता है।

उन्होंने कहा कि कई बार लोग लंबे समय तक दवा और जांच कराने के बावजूद अपनी समस्याओं का कारण नहीं समझ पाते। ऐसे मामलों में मानसिक तनाव और अवचेतन मन में जमी नकारात्मकता भी महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। संस्था ऐसे लोगों को परामर्श एवं वैकल्पिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से बेहतर जीवन की दिशा देने का प्रयास करती है। वहीं वैद्य वरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खान-पान में सुधार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि केंद्र पर लोगों को शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मोटापा, नसों की समस्याएं, पथरी, शरीर दर्द समेत विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी दी जाएगी। साथ ही पेट की सफाई और स्वास्थ्य संरक्षण से संबंधित उपायों के बारे में भी बताया जाएगा। उन्होंने इच्छुक लोगों से सुबह खाली पेट आने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बुद्धा वाटिका परिसर में महात्मा बुद्ध, मां काली, मां दुर्गा तथा शिवलिंग की स्थापना की गई। गायत्री परिवार के विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर डिहरी विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, बंदी अधिकार के संयोजक संतोष उपाध्याय, बुद्धिजीवी मदन चंद्रवंशी, रेलवे नेता वीरेंद्र पासवान, शिक्षक सुहेल अहमद, कश्मीर पासवान, हरिराम पासवान, कुंवर सिंह, लालजी बाबा, उमाशंकर पासवान, अमित पासवान, शंकर जी, विष्णु पासवान, ललन सिंह गदर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य, आध्यात्मिकता और वैदिक जीवनशैली के समन्वय से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयास की सराहना की।

# राजगीर मलमास मेला में 3.82 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-स्नान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 17 मई से 15 जून तक आयोजित राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में लगभग 3 करोड़ 82 लाख श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने भाग लिया। बिहार समेत देश के विभिन्न राज्यों तथा नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचे और ब्रह्मकुंड सहित विभिन्न पवित्र कुंडों में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि मेले की तैयारियां फरवरी 2026 से ही शुरू कर दी गई थीं। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पंडा समिति, स्थानीय संगठनों एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से पूरे मेला क्षेत्र का डिजिटाइज्ड ले-आउट तैयार कर सुनियोजित




तरीके से व्यवस्थाएं की गईं। डीएम ने बताया की तीनों शाही स्नान के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद व्यवस्थाएं पूरी तरह नियंत्रित और सुचारू रहीं। डीएम ने बताया कि वीआईपी एवं वीवीआईपी टेंट सिटी सहित कुल 15 आवासन स्थलों पर 13.87 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अस्थायी आवास सुविधाओं का लाभ उठाया। गर्मी से राहत के लिए कूलर, मिस्ट फैन, पेयजल, शौचालय, रोशनी और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। भीड़ और आपदा प्रबंधन के लिए 200 आपदा मित्र, एसडीआरएफ और स्काउट-गाइड की तैनाती की गई थी। इनके सहयोग से 1514 वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाकर स्नान कराया गया। वहीं खोया-पाया केंद्र के माध्यम से 5969 बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत सात अस्थायी अस्पताल, 20 स्वास्थ्य शिविर, 377 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती की गई थी। पूरे मेले के दौरान 1 लाख पाँच हजार से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज किया गया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 12 सौ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा 5 हजार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। पूरे मेला क्षेत्र में 426 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन निगरानी के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया गया। स्वच्छता व्यवस्था के लिए 656 सफाई कर्मियों और 84 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। वहीं श्रद्धालुओं को कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए 25 'दीदी की रसोई' संचालित की गईं, जिनसे जीविका समूहों को एक माह में 1.35 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि मेला को लेकर पांच हजार पुलिस कर्मियों को लगाया गया था। अतिरिक्त पुलिस बल, आधुनिक निगरानी व्यवस्था, प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन और प्रशासन-पुलिस के बेहतर समन्वय के कारण पूरा मेला शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हुआ। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मेले के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले जिलेवासियों, विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, मीडिया प्रतिनिधियों तथा सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी के सहयोग से राजगीर मलमास मेला 2026 को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाया जा सका। इस अवसर पर नगर आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वेक्टर जनित बीमारियों की पहचान व उपचार का प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेंद्र भवन में मंगलवार को जिले के सात प्रखंडों कौआकोल, काशीचक, पकरीबरावा, रोह, अकबरपुर, गोविंदपुर एवं वारिसलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के लिए मलेरिया, कालाजार, डेंगू एवं फाइलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, पहचान, जांच, उपचार एवं रिपोर्टिंग को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य अधिकारियों को वेक्टर जनित रोगों के लक्षणों की शीघ्र पहचान, समय पर जांच, उचित उपचार तथा जनजागरूकता बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही इन बीमारियों की रोकथाम के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा लोगों को मच्छरदानी के उपयोग के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। मौके पर राजेश पांडेय, आरिफ, रणविजय, विभीषण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के अंत में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने और रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने की अपील की गई।

## प्रभारी मंत्री ने नवादा सदर प्रखंड में प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के सभी प्रखंडों में 16 जून 2026 से तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 16, 17 एवं 18 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री-सह-नवादा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने जिलाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में नवादा सदर प्रखंड परिसर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी



रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से प्राप्त हो सके। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा लाभुकों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत जोरावरडीह गांव निवासी बीरबल मंडल की 50 वर्षीया पत्नी मीना देवी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को नवादा से अपने घर लौटने के दौरान रोह थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। दुर्घटना के बाद परिजनों द्वारा उन्हें बेहतर इलाज के लिए विम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को जब शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में मातम पसर गया।

## सहयोग शिविर के माध्यम से आमजनों को मिल रहा त्वरित समाधान : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा "सहयोग पोर्टल" भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें एवं आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त




आवेदनों के निष्पादन हेतु 30 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं तत्परता के साथ आमजनों की समस्याओं का समाधान करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुंच सके। शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा राशन कार्ड सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम के क्रम में जिला पदाधिकारी ने भगवानपुर पंचायत में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पंचायत भवन परिसर स्थित पोखर का निरीक्षण भी किया तथा उसके जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए योजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जिले के अन्य प्रखंडों एवं नगर निकायों में भी सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया।वारिसलीगंज के कुटरी, सिरदला प्रखंड के बांधी, गोविंदपुर के बुधवारा, नारदीगंज के परमा, पकरीबरावां के दत्तरौल, कौआकोल के खड़सारी, अकबरपुर के पांती, रजौली के अमावां पूर्वी, नरहट के पालीखुर्द, हिसुआ के हदसा, मेसकौर के बिजू विगहा, रोह के भट्टा तथा काशीचक के पार्वती पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त नगर परिषद नवादा के वार्ड संख्या-38, नगर परिषद वारिसलीगंज के वार्ड संख्या-16, नगर परिषद हिसुआ के वार्ड संख्या-21 तथा नगर पंचायत रजौली के वार्ड संख्या-06 में भी सहयोग शिविर आयोजित किए गए। सभी शिविरों में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कौआकोल प्रखण्ड में जन कल्याण शिविर आयोजित

**20 काउंटरों पर लिए गए लोगों के आवेदन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** राज्य सरकार के निर्देश पर 15 जून से 18 जून तक राज्य के सभी प्रखण्ड कार्यालयों में प्रखण्ड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराने के उद्देश्य से 20 अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों पर विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं,शिकायतों और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। शिविर में मौजूद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को एक ही स्थान पर सभी जरूरी सेवाएं और योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बीसीओ कुंदन बर्णवाल,पीओ मनरेगा असलम हुसैन, बीपीआरओ शमा बानो समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खड़सारी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उमड़े फरियादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के खड़सारी पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ गांव में मंगलवार को सरकार के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन को प्रशासन द्वारा बनाये गए विभिन्न विभागों के काउंटर पर जमा कराया। वहीं शिविर में सदर एसडीओ अमित अनुराग ने स्वंय उपस्थित होकर जनसमस्याओं को सुना। मौके पर बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, बीपीआरओ



शमा बानो समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित मामलों में आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कई लाभुकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का स्वीकृति पत्र मौके पर ही सदर एसडीओ द्वारा उपलब्ध कराया गया।

## नवादा में एंजल ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ, सस्ती दरों पर मिलेंगी आधुनिक सौंदर्य सेवाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर के कोनिया पर स्थित एंजल ब्यूटी पार्लर का विधिवत उद्घाटन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी एवं पूर्व चेयरमैन संजय साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पार्लर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों की अच्छी उपस्थिति रही। पार्लर की संचालिका एवं ब्यूटीशियन संगीता कुमारी ने बताया कि नवादा की महिलाओं एवं युवतियों को बेहतर और आधुनिक सौंदर्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एंजल ब्यूटी पार्लर की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि यहां मेकअप, ब्राइडल मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन ट्रीटमेंट, फेसियल सहित विभिन्न ब्यूटी सेवाएं सस्ती एवं उचित दरों पर उपलब्ध कराई । मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने कहा कि शहर में इस तरह की सुविधाओं के विस्तार से महिलाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर सेवाएं मिलेंगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। वहीं पूर्व चेयरमैन संजय साव ने पार्लर की सफलता की कामना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण सेवा और ग्राहकों के विश्वास से यह प्रतिष्ठान निश्चित रूप से अपनी अलग पहचान बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नए प्रतिष्ठान के उद्घाटन पर संचालिका को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एंजल ब्यूटी पार्लर के खुलने से क्षेत्र की महिलाओं में उत्साह देखा गया। मौके पर राजेद्र प्रसाद, ललन सिंह, अरुणा देवी, सुमन, सरिता, सोनी कुमारी, गुड़िया साव, प्रियंका कुमारी, खुशी कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की यात्रा: विकास, विश्वास और जनकल्याण का नया अध्याय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को विकास, सुशासन और जनकल्याण की ऐतिहासिक यात्रा बताया गया। नवादा में सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का संकल्प है, जिसे जनता के विश्वास ने लगातार मजबूती प्रदान की है। सांसद




ने कहा कि वर्ष 2014, 2019 और 2024 में लगातार जनता का समर्थन इस बात का प्रमाण है कि देश अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि काम और परिणामों पर विश्वास करता है। सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि जनधन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले गए, जबकि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के मकान मिले हैं तथा उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। देश में नए हवाई अड्डों के निर्माण और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से भारत आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है।

## कौआकोल में धड़ल्ले से हो रहा बालू का खनन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** राज्य सरकार द्वारा 15 जून से बालू खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। मंगलवार को कौआकोल प्रखंड के भोरमबाग मलाही नदी घाट एवं रधवा नदी घाट से खुलेआम बालू का उठाव किया गया। सरकारी प्रतिबंध के बावजूद दिनदहाड़े हो रहे इस अवैध खनन से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं,जबकि संबंधित विभाग और प्रशासन इस पर रोक लगाने में विफल साबित हो रहे हैं। क्षेत्र में लगातार जारी अवैध बालू खनन से सरकार के आदेशों की अवहेलना तो हो ही रही है,साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## सहयोग शिविर से ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा समाधान : कौशलेंद्र कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सांसद कौशलेंद्र कुमार ने मंगलवार को बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सहयोग शिविर' में भाग लेते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद ने रहुई प्रखंड के पेशौर पंचायत, उतरनामा पंचायत एवं नगर पंचायत रहुई के वार्ड संख्या-5 में आयोजित सहयोग शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश अधिकारियों को दिया। पत्रकारों से बातचीत में सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार सरकार की यह पहल आम जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक सरकारी पदाधिकारियों की पहुंच सुनिश्चित होने से लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अब दूर-दराज के सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।




उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं का समय पर समाधान होने से लोगों का सरकार पर विश्वास मजबूत होता है और उन्हें राहत मिलती है। सहयोग शिविर के माध्यम से आवेदन, सत्यापन और विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रक्रियाएं एक ही स्थान पर पूरी की जा रही हैं। सांसद ने कहा कि दूरस्थ और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए यह योजना विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। अब ग्रामीणों को अपने गांव और पंचायत में ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है और वे हमेशा जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे। जनता की सेवा को अपना दायित्व बताते हुए उन्होंने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रहुई, थाना अध्यक्ष रहुई, पेशौर एवं उतरनामा पंचायत के जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अलबेला राय, पैक्स अध्यक्ष भवानी सिंह, अधिवक्ता अमित कुमार, राकेश कुमार, डबल पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रखंड में जन कल्याण शिविर तो पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार के दिन बिहार सरकार के जन-कल्याण अभियान के तहत प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड के कैला पंचायत सरकार भवन एवं नगरनौसा के पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना और विभिन्न सरकारी सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

## हिलसा में सहयोग शिविर आयोजित, 145 आवेदन प्राप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी पहल सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत बुधवार को हिलसा नगर परिषद के वार्ड संख्या 05, 06, 07, 08 एवं 09 में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। शिविर में नाली-गली निर्माण, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, होल्डिंग टैक्स, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलापूर्ति, सफाई व्यवस्था, बिजली कनेक्शन तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य विभागों से जुड़े मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित कर्मियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना, समस्याओं का त्वरित निपटारा करना तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिविर में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, वार्ड पार्षद संतोष कुमार गुप्ता, किरण रावत, रीना कुमारी सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीया किशोरी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज,नवादा।** तिलैया-राजगीर रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीया किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान चरना चातर गांव निवासी कृष्ण चौहान की पुत्री धनवंती कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह देर शाम घर लौट रही थी, तभी नंदपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## आलावां सहयोग शिविर में 115 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को परवलपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरकार भवन, आलावां में "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।



जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आयोजित सहयोग शिविरों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम लोगों तक सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। शिविरों के माध्यम से आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लोगों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसमर्थन और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों की सुविधा को देखते हुए पंचायतों एवं नगर निकायों में ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान कराया तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन दिए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गई। जिला प्रशासन ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में 17 एवं 18 जून 2026 को प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# बोधगया मठ का इतिहास आठवीं शताब्दी से जुड़ा : डॉ प्रेम कुमार

## ▶ बोधगया मठ की जनकल्याणकारी और शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा ▶ सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया मठ में महंत विवेकानंद गिरी की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक में मठ द्वारा संचालित जनकल्याणकारी, शैक्षणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ इसकी ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बोधगया मठ का इतिहास आठवीं शताब्दी से जुड़ा है और यह संस्थान धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि मगध विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मठ ने लगभग 400 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई थी। उन्होंने कहा कि बोधगया क्षेत्र के खजवती में मठ द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है जहां गौ संरक्षण और सेवा का कार्य निरंतर जारी है। मठ के निःशुल्क पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र में लगभग 100 बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। हाल ही में यहां अध्ययनरत 12 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि शेरघाटी में सदानंद गिरी के नाम पर संचालित शैक्षणिक संस्थान, शाक्यमुनि कॉलेज, रामबालक सिंह होम्योपैथिक कॉलेज तथा बोधगया थाना के समीप संचालित संस्कृत विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने मठ की प्राचीन लाइब्रेरी का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण के लिए भारत सरकार की 'ज्ञान भारतम' परियोजना के साथ समझौता किया गया है। इससे इस अमूल्य धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सकेगा। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, गौ सेवा और सामाजिक कार्यों में मठ की भूमिका की भी सराहना की गई। इस अवसर पर नगर परिषद बोधगया की अध्यक्षा ललिता देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, नीरज निश्चल, बबलू चंद्रवंशी, शशि सिन्हा, कृष्णा साहू, वसंत परमार, राजनंदन गांधी, वाहिद अली, सुरेंद्र यादव, प्रशांत मौर्य, जैनेंद्र अकेला, ओम प्रकाश, संजय कुमार बंटू और मनोज सिंह कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आठ दिन बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा नाबालिग को भगाने का आरोपित, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने नाबालिग लड़की को भी सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार बीते 8 जून को थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की के लापता होने के बाद उसके परिजनों ने शेरघाटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में झारखंड के हंटरगंज थाना क्षेत्र के पड़री गांव निवासी विवेक कुमार पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी विवेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाने में पूछताछ के दौरान पुलिस को मामले से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं बरामद नाबालिग को न्यायालय के निर्देश के अनुसार परिजनों के हवाले कर दिया गया। शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 45 लाख की ज्वेलरी लूट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, दो अपराधियों के पैर में लगी गोली, सोना बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** गया जिले के गुरुआ बाजार स्थित ज्वेलरी दुकान में हुई करीब 45 लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लूटकांड के मुख्य आरोपी समेत दो अपराधियों को आमस थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों अपराधियों के पैर में गोली लगी जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गुरुआ बाजार में ज्वेलरी दुकान से हुई बड़ी लूट के बाद पुलिस अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लूटकांड में शामिल अपराधी आमस थाना क्षेत्र के बनाही बालू घाट के पास किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। पुलिस ने अपराधियों को आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन अपराधियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो अपराधियों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सुजीत चौधरी और उसके साथी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सुजीत चौधरी के पैर में तीन गोलियां लगी है जबकि दूसरे अपराधी के पैर में एक गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है जहां सुरक्षा के बीच उनका इलाज चल रहा है। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गुरुआ ज्वेलरी लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटा गया सोना भी बरामद किया है। हालांकि बरामद आभूषणों की मात्रा और कीमत का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं किया गया है। वहीं मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई को लूटकांड के खुलासे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# जनकल्याण शिविर में भूमि, पेंशन व नल-जल की समस्याओं पर हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर तथा मंझियावां व उतरैन पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भूमि विवाद, पेंशन, आवास, नल-जल एवं राशन कार्ड से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए जिन पर अधिकारियों ने सुनवाई कर त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। शिविर में प्रभारी पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार, टिकारी डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, बीडीओ विपुल भारद्वाज एवं सीओ मुकेश कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने बताया कि भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पेंशन नहीं मिलने की शिकायतों पर बीडीओ ने बताया कि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा रहा है तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा कर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं खजुरी पंचायत के सलेमपुर एवं मंझियावां पंचायत के हुचेचक गांव से नल-जल योजना में गड़बड़ी की शिकायतें मिलीं जिस पर पीएचईडी के कनीय अभियंता ने दो दिनों के भीतर समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। आवास योजना की तीसरी किस्त नहीं मिलने की शिकायत पर संबंधित लाभुक को शीघ्र भुगतान का भरोसा दिलाया गया। शिविर में पंचायत स्तर पर अनियमितता, डस्टबिन वितरण, राशन कार्ड एवं पेंशन आवेदनों में विलंब की शिकायतें भी सामने आईं। अधिकारियों ने सभी मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# शेरघाटी प्रखंड में जन कल्याण सह सहयोग शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** मंगलवार से प्रखंड परिसर में 16, 17 एवं 18 जून को प्रखंड जन कल्याण सह सहयोग शिविर का आयोजन शुरु किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहेंगे जहां आम लोग अपनी समस्याओं को रख सकते हैं, योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और जरूरत के अनुसार आवेदन भी जमा कर सकते हैं। आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है जहां लोगों का निःशुल्क मेडिकल चेकअप किया जाएगा। इसके अलावा छात्रवृत्ति योजनाओं, स्वरोजगार के लिए उद्यमी योजनाओं सहित अन्य लाभकारी योजनाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

शिविर में आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी दी जाएगी जिससे आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि अधिक से अधिक लोगों तक शिविर की जानकारी पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय ताकि आम लोगों को सहयोग मिल सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रखंड क्षेत्र के अधिक से अधिक पात्र नागरिक इस शिविर में पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनद ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को सहयोग मिल सके।

# गया में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन

## लंबित मांगों पर चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में जिला एवं प्रदेश स्तरीय एकदिवसीय सम्मेलन गया-नवादा रोड स्थित खटकाचक बाइपास के सिंह मार्केट सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता गया जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह ने की जबकि संचालन जिला महामंत्री डॉ. विजय कुमार यादव ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नालंदा के चंडी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता अंबिका यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने भाग लिया। महेंद्र कुमार सिंह ने अंबिका यादव को संयुक्त मोर्चा का प्रदेश संयोजक बनाए रखने का प्रस्ताव रखा जिसे उपस्थित विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से पारित किया। अंबिका यादव ने प्रत्येक जिले से कम से कम पांच-पांच विक्रेताओं को शामिल कर संयुक्त मोर्चा का विस्तार करने का आह्वान किया। उन्होंने महेंद्र कुमार सिंह को गया जिला अध्यक्ष तथा डॉ. विजय कुमार यादव को जिला महामंत्री घोषित किया। सम्मेलन में विक्रेताओं की लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। प्रमुख मांगों में 30 हजार रुपये मानदेय, अनुकंपा नियुक्ति में आयु सीमा समाप्त करना, माप-तौल नवीकरण निःशुल्क करना, अनुज्ञप्ति नवीकरण के लिए शिविर लगाना, बकाया मार्जिन मनी का भुगतान, सितंबर 2025 से बढ़ाए गए 47 रुपये कमीशन का भुगतान, खाद्यान्न की सही तौल एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा जून माह का अतिरिक्त आवंटन शामिल है। संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दशरथ पासवान और प्रदेश महामंत्री दयानंद प्रसाद ने कहा कि विक्रेताओं की मांगों को लेकर सरकार से वार्ता कर समाधान कराया जाएगा। सम्मेलन को मुन्ना सिंह यादव (नालंदा), सुरेंद्र कुमार सिंह यादव और कामाख्या नारायण सिंह (औरंगाबाद), मौर्य प्रसाद (रोहतास), अशोक कुमार सिंह (खगड़िया), ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह (बक्सर) तथा अनिल चौधरी (वैशाली) ने संबोधित किया। इसके अलावा जमुना मंडल, अखिलेश सिंह, उदय नारायण सिंह, सुभाष यादव, डॉ. शिवकुमार यादव, शिवनाथ सिंह चंद्रवंशी, विनय कुमार सिंह, विजय कुशवाहा, हरिशंकर प्रसाद, सुग्रीव पासवान, सर्वेश यादव, समराज सिंह, नरेश यादव, बलन पासवान, केदार दास, मोहम्मद साजिद, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, रामचंद्र यादव, दयानंद पासवान, नागेश्वर दास, निलेश कुमार, लालदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजय चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, सत्येंद्र कुमार, गनौरी प्रसाद और बबलू कुमार ने भी अपने विचार रखे। अंत में जिला उपाध्यक्ष बढन यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पंचायत स्नेक कैचरों का पदसृजन कर पदस्थापन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** बरसात के दिनों में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सर्प दंश की शिकायत आम हो जाती है। सर्प दंश से प्रति वर्ष सैकड़ों लोगों की मौत आम हो चुका है। ऐसी परिस्थिति में इस आपदा से निपटने के लिए हमेशा अस्पतालों से एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन गायब ही पाया जाता है। इस समस्या से निजात के लिए मुख्यमंत्री से सभी पीएचसी, अतिरिक्त पीएचसी, सीएचसी में प्रचुर मात्रा में एंटी स्नेक वेनम इंजक्शन की उपलब्धता का मांग किया है। साथ ही साथ पंचायत स्तर पर 'स्नैक कैचरों' का पद सृजित कर पदस्थापित करने की मांग की है ताकि प्राकृतिक इस तरह की आपदा से ग्रामीणों की जान बचाया जा सके। गौरतलब कि सरकार द्वारा इस प्रकार की घटना होने पर सरकारी मुआवजा देने का प्रावधान है, परन्तु सरकार द्वारा मुआवजा देना ही काफी नहीं है। सर्प दंश की घटना का रोकथाम प्राथमिकता में होना चाहिए।

# अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में बाला बाबू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में शिक्षा मनीषी, प्रखर न्यायविद् और संस्थान के संस्थापक व्यक्तित्व स्वर्गीय रमावल्लभ प्रसाद सिंह 'बाला बाबू' की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों, शिक्षाविदों और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित बाला बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके शैक्षणिक और सामाजिक योगदान को याद किया। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. उमा शंकर सिंह ने बाला बाबू के जीवन और कार्यों पर आधारित अपनी स्वरचित काव्यात्मक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि बाला बाबू का जीवन और संघर्ष नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर ने कहा कि अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज की स्थापना और विकास में बाला बाबू का त्याग, अनुशासन और दूरदृष्टि निहित है। उन्होंने कहा कि संस्थान की मजबूती की नींव में बाला बाबू का योगदान छिपा है और उनका जीवन शिक्षा तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि बाला बाबू का अनुशासन और संस्थान के प्रति समर्पण आज भी कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. उमा शंकर सिंह ने बाला बाबू की जीवनी को पुस्तकाकार रूप देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से जुड़े संस्मरण, दस्तावेज और ऐतिहासिक सामग्री को संकलित कर एक प्रामाणिक जीवनी तैयार की जानी चाहिए। इस प्रस्ताव का उपस्थित लोगों ने समर्थन किया और जून के अंत में बाला बाबू की जयंती के अवसर पर इस जीवनी परियोजना की औपचारिक शुरुआत करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और नागरिकों ने भाग लेकर बाला बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गया में शिक्षक संघ का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शिक्षकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के तुरंत समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरने का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद ने किया। धरना के माध्यम से शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी लंबे समय से लंबित पड़ी समस्याओं के खिलाफ आवाज बुलंद की और प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताई। संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए मांग पत्र में कहा कि सभी शिक्षकों का वेतन हर महीने की पहली तारीख तक समय पर मिले। साथ ही 12 साल की सेवा पूरी करने वाले नियोजित प्रारंभिक शिक्षकों को नियम के अनुसार वित्तीय प्रोन्नति (फाइनेंशियल प्रमोशन) दी जाए।

# जन समस्याओं के समाधान को माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जाएगा 'सहयोग शिविर' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** प्रभारी सचिव गया जिला रोबर्ट एल. चोंग्थू ने आज गया जिला के डोभी प्रखंड स्थित नदरपुर पंचायत में 'सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु आयोजित 'सहयोग शिविर' में शामिल हुए। सात निश्चय योजना-3 का अवयव 'सबका सम्मान जीवन आसान' के संकल्प को धरातल पर उतारने एवं जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को बिहार के सभी जिलों में पंचायतवार 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त मगध प्रमण्डल ने कहा कि आज से पूरे जिले में 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम आयोजित है। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए पिछले 11 मई को ही सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1100 जारी किया था जिसके माध्यम से लोग सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस 'सहयोग शिविर' का उद्देश्य हर हाल में निर्धारित समय सीमा के अंदर जन समस्याओं का निष्पादन करना है। यह कार्यक्रम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का जरिया है। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन आपका हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। बिहार की समृद्धि और भारत विकसित हो, इसके लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सहयोग शिविर' में जो भी आवेदन प्राप्त होंगे उनका निष्पादन 30 दिनों के अन्दर हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित को ध्यान में रखते हुए ही योजनाएं बनाती है और नीतियां निर्धारित करती है।

# अवैध रेल टिकट कारोबार में संलिप्त युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** आरपीएफ ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत कार्रवाई करते हुए रेल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान अरवल जिला के कलेर थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद गुलफान के रूप में की गई है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-15, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-15। कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल- ओएचई विद्युत आपूर्ति में मज़बूती के लिए 160 वर्ग मिमी. जम्पर द्वारा अंडर साइज 105 वर्ग मिमी. जी-जम्पर एवं ड्रॉप जम्पर, आइसोलेटर जम्पर की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,80,33,244.25। **बयाना राशि:** ₹ 5,60,700। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 15.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ASN-138/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
f @easternrailwayheadquarter

# आशा कार्यकर्ता चयन विवाद की स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की जांच, निष्पक्ष जांच के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र के चांपी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या छह में आशा कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद की जांच स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला स्वास्थ्य समिति ने शेरघाटी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। बताया जाता है कि 'शेरघाटी में बिना आमसभा के आशा का हुआ चयन' शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। खबर में आरोप लगाया गया था कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना आशा कार्यकर्ता का चयन कर लिया गया। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया था कि चयन के दौरान एक योग्य महिला आवेदिका की अनदेखी कर मैट्रिक उत्तीर्ण दूसरी महिला का चयन कर दिया गया जिसके बाद स्थानीय स्तर पर विवाद उत्पन्न हो गया। मामले को लेकर ग्रामीणों एवं संबंधित पक्षों ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे। इसके बाद जिला स्वास्थ्य समिति के सिविल सर्जन सह सचिव ने पत्र जारी कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को जांच कराने का निर्देश दिया। पत्र में कहा गया है कि समाचार में लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच कर सभी तथ्यों के आधार पर विस्तृत प्रतिवेदन जल्द उपलब्ध कराया जाए। विभाग ने कहा है कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस संबंध में शेरघाटी अस्पताल उपाधीक्षक उदय कुमार ने बताया कि आशा बहाली को लेकर मामला संज्ञान में आया है। आमसभा के माध्यम से हुई चयन प्रक्रिया की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# खिजरसराय प्रखंड मुख्यालय में जन कल्याण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को खिजरसराय प्रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी सुमन की देखरेख में आयोजित की गई। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों के स्टॉल पर पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविर में पीएचईडी, जीविका, सहकारिता, मनरेगा, कृषि, शिक्षा, जनकल्याण, विद्युत, उद्योग, आपूर्ति विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी लोगों की शिकायतें सुनने और योजनाओं की जानकारी देने में जुटे रहे। युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से क्रेडिट बिहार स्टूडेंट योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम के लिए भी विशेष हेल्प डेस्क बनाए गए थे जहां छात्रों को पंजीकरण एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में सबसे अधिक भीड़ सामाजिक सुरक्षा पेंशन और जनकल्याण विभाग के स्टॉल पर देखने को मिली। वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों ने बताया कि पिछले दो महीनों से उनके खातों में राशि नहीं आई है। भुगतान रुकने के कारण उन्हें दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में बुजुर्ग ई-केवाईसी कराने और शिकायत दर्ज कराने के लिए सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। इस संबंध में बीडीओ कुमारी सुमन ने बताया कि 16 से 18 जून तक चलने वाले इस विशेष शिविर का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने कहा कि पेंशन भुगतान से जुड़ी तकनीकी समस्याओं और लंबित ई-केवाईसी का तेजी से निष्पादन किया जा रहा है, ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द रुकी हुई राशि प्राप्त हो सके। शिविर में विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

संपादकीय

# अमेरिका के आगे बेबस भारत!

ओमान की खाड़ी में अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के गंभीर मामले में भी भारत का रूख अमेरिका के आगे मिमियाने वाला ही रहा है। यूं कहने को भारत ने नई दिल्ली स्थित अमेरिकी राजदूत को तलब कर इस घटना को लेकर अपनी गहरी नाराजगी जताई, लेकिन सार्वजनिक तौर पर एक बार भी अमेरिका का नाम नहीं लिया। जबकि यह बात जगजाहिर है कि अमेरिकी रॉकेट हमले में ही हमारे तीन नाविक मारे गए। भारत की नाराजगी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले को ईरान पर थोपने की कोशिश की, जिस पर उन्हीं के विदेश मंत्री ने सख्त बयान देकर पानी फेर दिया। यह भी संभव है कि यह मिला-जुला खेल हो। वैसे होर्मुज और ओमान की खाड़ी में भारतीय जहाजों अथवा भारतीय नाविकों पर चौथा हमला है, जबकि भारत इस लड़ाई में कहीं भी सीधे पक्षकार नहीं है। बावजूद इसके हकीकत यह है कि ईरान और अमेरिका दोनों से दोस्ती होने के बाद भी हमे कोई भी देश गांठ नहीं रहा है। उल्टे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने चार भारतीय नाविकों की मौत पर दुख जताने और इसे गलती मानने की जगह भारत को ही यह कहकर हड़का दिया कि अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल की अवैध ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का यह बयान भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो के बीच ओमान की खाड़ी की घटना के बाद हुई चर्चा के पश्चात आया है। दरअसल अमेरिकी सेना ने ओमान के तट पर कमर्शियल जहाज़ 'सेटेबेलो' पर 9 जून को हमला किया था। इस जहाज़ पर 24 भारतीय क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें से 21 को बचा लिया गया था, जबकि तीन नाविकों की मौत हो गई थी। यह पहली घटना नहीं थी, इसके पहले 8 जून और 11 जून को भी खाड़ी क्षेत्र में भारतीय क्रू मेंबर्स वाले दो अन्य जहाज़ों पर हमला किया गया था, हालांकि उनमें किसी की मौत नहीं हुई और सभी नाविकों को बचा लिया गया। गौरतलब है कि बीते नौ जून को अमेरिकी नेवी के हमले की पुष्टि खुद अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने की थी, जिसके बाद भारत ने अमेरिका से विरोध दर्ज कराया और भारतीय विदेश मंत्री ने, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से इस पर बात की थी। बकौल जयशंकर उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री से 'कड़ा विरोध' दर्ज कराया और कहा कि इस तरह का 'घातक हमला उचित नहीं' है। हालांकि इसकी शब्दावली भी बहुत नरम ही थी। लेकिन इसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एस जयशंकर और रुबियो के बीच बातचीत का ब्योरा जारी किया। बयान के अनुसार, रुबियो ने कहा है कि खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल की अवैध ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्को रुबियो की इस टिप्पणी पर भारत में कड़े सवाल पूछे जा रहे हैं और विपक्षी दलों और पूर्व राजनयिकों ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री ने खेद जताने की बजाय कड़ी भाषा का इस्तेमाल किया। कांग्रेस और कूटनीतिक मामलों के जानकारों ने इसे भारत के लिए चेतावनी करार दिया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सवाल किया कि एक 'दोस्त' इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है?' कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इसे भारत के लिए 'शर्मनाक' बताया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या क्या केन्द्र सरकार अमेरिका के इतने दबाव में है कि हम हमारे लोगों की हत्या पर भी केवल 'विरोध दर्ज' कराने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते? पीएम मोदी ने तो इस मामले में एक शब्द तक नहीं कहा। उल्टे वो राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने जी 7 के सम्मेलन में चले गए हैं।

# पंडित नेहरू के इंडिया से मोदीजी के भारत तक



हरदीप सिंह पुरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 जून को हमारे इतिहास के लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा में रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। इस दरमियान काफी समय तक भारतीय शासन की सेवा करने के नाते मैं कह सकता हूं कि मोदीजी की उपलब्धि कार्यकाल की लंबाई नहीं है। उन्होंने इस पद पर रहते हुए जो कुछ किया, वास्तविक उपलब्धि वह है।

मोदीजी ने 10 जून, 2026 को प्रधानमंत्री के पद पर अपना लगातार 4399वां दिन पूरा कर लिया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के 1952 में पहली निर्वाचित सरकार से 1964 में उनके निधन तक लगातार प्रधानमंत्री रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया। 1947 से देखें तो सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री के पद पर रहने का रिकॉर्ड अब भी पंडित नेहरू के नाम ही है। लेकिन मोदीजी ने उन्हें हमारे गणराज्य के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित शासन प्रमुख रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इस दरमियान मैंने अपना कामकाजी जीवन शासन के अंदर गुजारा है। इस उपलब्धि में मेरी दिलचस्पी गणित के लिहाज से कम है। मेरी ज्यादा दिलचस्पी इसमें है कि इस उपलब्धि को कैसे मापा जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सिखाया है कि सरकार को इस बात से आंका जाना चाहिए कि कतार के आखिर में खड़े आदमी तक क्या कुछ पहुंचता है। इसे ही अंत्योदय कहते हैं। पंडित नेहरू के 'इंडिया' और मोदीजी के 'भारत' के बीच का फासला वह दूरी है जिसे इस आखिरी आदमी ने तय किया है।

एक निष्पक्ष मूल्यांकन करें तो देखते हैं कि पंडित नेहरू को विरासत में क्या मिला था। उन्हें विरासत में एक ऐसा विभाजित उपमहाद्वीप मिला जो इतिहास के सबसे बड़े जबरन विस्थापन से जूझ रहा था, दो सदियों के औपनिवेशिक शोषण से खोखली हो चुकी अर्थव्यवस्था मिली, ऐसी आबादी मिली जिसमें पाँच में से एक से भी कम लोग पढ़-लिख सकते थे और औसत उम्र तीस साल के आस-पास थी। उस विरासत के आधार पर उन्होंने एक ऐसा संवैधानिक लोकतंत्र खड़ा किया जो टिका रहा, जबकि एक के बाद एक स्वतंत्र हुए कई अन्य देश सेना के जनरलों या तानाशाहों के कब्ज़े में चले गए। 'योजना आयोग' दिशा तय करता था, सार्वजनिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर मजबूत पकड़ थी और लाइसेंस प्रणाली यह तय करती थी कि कौन क्या उत्पादन कर सकता है। विश्वविद्यालय, प्रयोगशालाएँ, परमाणु और अंतरिक्ष कार्यक्रम - आज़ाद भारत की संस्थागत नींव उन्हीं वर्षों में रखी गई थी। मैं 1974 में विदेश सेवा में आया और जिस भारत का मैंने प्रतिनिधित्व किया, वह एक गंभीर देश था जिसने अपनी व्यवस्था की क्षमता के अनुसार पूरी गरिमा के साथ अभावों का सामना करने का रास्ता चुना था।

उस व्यवस्था की कीमत तब तक साफ दिखने लगी थी जब तक मैं अपने करियर के मध्य पड़ाव पर पहुँचा। सरकार ने योजनाओं का आवंटन करना तो सीख लिया था, लेकिन वह वितरण करना नहीं सीख पायी थी। दिल्ली में घोषित किसी योजना और गाँव में मिलने वाले लाभ के बीच का जो फ़ासला था, वहीं सारा पैसा गायब हो जाता था। एक पूर्व प्रधानमंत्री का यह मानना कि हर एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह पैसे ही गरीबों तक पहुँच पाते हैं, इस मॉडल पर अपने आप में एक बड़ा सवाल था। सरकार योजना तो बना सकती थी, लेकिन वह लोगों तक पहुँच नहीं पाती थी।

2014 में मोदी जी को जो विरासत मिली, उसका भी उतना ही ईमानदार मूल्यांकन होना चाहिए। उन्होंने एक ऐसी अर्थव्यवस्था की कमान संभाली थी जिसे बाज़ार ने 'फ़्रैजाइल फ़ाइव' (पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं) की श्रेणी में रखा था; जो अटकी हुई परियोजनाओं के बोझ तले दबी थी, दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति और भ्रष्टाचार से घिरी थी जिसने शासन पर से जनता के भरोसे को ही खोखला कर दिया था। इसका समाधान उन्होंने एक बिल्कुल अलग तरह की व्यवस्था बनाकर किया।

'योजना आयोग' की जगह 'नीति आयोग' ने ले ली, जो राज्यों को निर्देश देने के बजाय उन्हें साथ लेकर चलता है। पहचान (पहचान पत्र), बैंक खाता और मोबाइल फोन को एक साथ जोड़ा गया और सरकार ने बिचौलियों के बजाय, जो चार दशकों से अपना कमीशन ले रहे थे, नागरिकों को सीधे भुगतान करना शुरू कर दिया। 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' एक निर्णायक माध्यम है जो बहुत साधारण लगता है लेकिन इसने शासन के इरादे की बजाय वास्तविक लाभ के मिलने पर ध्यान केंद्रित किया।

इसके बाद जो हुआ, वह एक 'मंच' के रूप में सरकार की नई परिकल्पना थी। भारत ने सार्वजनिक डिजिटल ढांचा और एक ऐसी पहचान व्यवस्था बनाई जो पूरे उपमहाद्वीप में काम करती है। एक ऐसा भुगतान नेटवर्क खड़ा किया गया जिसका आज पूरी दुनिया अध्ययन कर रही है। पचास करोड़ से अधिक जनधन खातों ने उन परिवारों के लिए औपचारिक बैंकिंग के दरवाजे खोल दिए, जहाँ यह सुविधा पहले कभी नहीं पहुँची थी। नीति आयोग के अनुमान के अनुसार, इसी दशक में लगभग पच्चीस करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं और जिस अर्थव्यवस्था को बाजारों ने खारिज कर दिया था, वह अब किसी भी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। जो सरकार कभी नागरिक और उसकी जरूरत के बीच में रुकावट बन जाती थी, वह अब किनारे हटकर उसका आगे बढ़ने का मार्ग बना रही है। 'भारत' शब्द के पीछे यही मूल भावना है।

मैं जिस पद पर हूँ, वहाँ से इस बदलाव के बारे में बात कर सकता हूँ। साल 2014 में, हमारे पेट्रोल में इथेनॉल संमिश्रण का स्तर 1.53 प्रतिशत था। इस वर्ष हम बीस प्रतिशत के स्तर पर पहुँच चुके हैं–एक ऐसा लक्ष्य जो कभी 2030 के लिए तय किया गया था और जिसे हमने आधा दशक पहले ही हासिल कर लिया है। वह पैसा जो कभी कच्चे तेल की खरीद के लिए देश से बाहर चला जाता था, वह अब हमारे किसानों तक पहुँच रहा है, जो हमें अन्न देने वाले 'अन्नदाता' के साथ-साथ अब ऊर्जा देने वाले 'ऊर्जादाता' भी बन गए हैं। इन्हीं वर्षों में, उज्ज्वला योजना ने पहली बार दस करोड़ से अधिक गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुँचाई और इसकी सब्सिडी बिना किसी बिचौलिये के सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी गई। यह 'अंत्योदय' का ही एक रूप है, जो अब लीटर और सिलेंडर के माध्यम से साकार हो रहा है। अब योजनाएँ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को नज़रअंदाज़ नहीं करतीं, बल्कि उन्हीं को केंद्र में रखकर बनाई जाती हैं।

यही लेखा-जोखा ईंट और स्टील के क्षेत्र में भी दिखाई देता है। 'आवास योजना' के तहत उन परिवारों के लिए लगभग चार करोड़ पक्के मकान बनाए गए हैं, जिनके पास अपना कोई घर नहीं था। 2014 में केवल पांच शहरों में मेट्रो चलती थी, आज बीस से अधिक शहरों में दौड़ रही है। हवाई अड्डों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है, और 'उड़ान' योजना ने उन छोटे शहरों के लोगों के लिए भी हवाई यात्रा मुमकिन बना दी है, जहाँ के लोग पहले सिर्फ़ आसमान से गुज़रते हुए हवाई जहाज़ों को देखा करते थे। रेलवे का लगभग पूरी तरह से विद्युतीकरण कर दिया गया है और अब वहां देश में ही निर्मित सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनें चल रही हैं। ये सब कोई काल्पनिक बातें नहीं हैं। हर बदलाव का मतलब है–लंबी लाइनें खत्म हुईं, सफ़र में अब पूरा दिन बर्बाद नहीं होता और टपकने वाली छत की जगह एक मज़बूत छत मिल गई है।

बाकी चीज़ों के साथ-साथ वित्तीय ढांचा भी बदला। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने, अपनी शुरुआती तमाम दिक्कतों के बावजूद, देश को एक साझा राष्ट्रीय बाजार दिया–एक ऐसा बाजार जिसे बनाने के प्रयास में पिछले दो दशकों की हर वह सरकार नाकाम रही थी जिसने इसके लिए कोशिश की थी। केंद्र और राज्य अब 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यापार करने की सुगमता) और वितरण (सेवाओं को जनता तक पहुँचाने) की गुणवत्ता पर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं, यह आवंटन को लेकर होने वाले पुराने झगडे से कहीं अधिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।

इसी भरोसे ने विदेशों में भारत की छवि को बदला है और देश का प्रतिनिधित्व करने के अपने वर्षों के अनुभव के आधार पर मैं यह बात कह सकता हूँ। पंडित नेहरू की 'गुटनिरपेक्षता' की नीति एक ऐसे गरीब और नए देश के लिए समझदारी भरा कदम था जो किसी एक पक्ष को चुनने का जोखिम नहीं उठा सकता था। वहीं, 'मल्टी-अलाइनमेंट' की मौजूदा नीति एक ऐसे देश का रुख है जो चाहता है कि हर पक्ष उसे अपने साथ जोड़ने की कोशिश करे। भारत अपनी जी-20 की अध्यक्षता को केवल राजधानी तक सीमित रखने के बजाय संघ के हर एक राज्य तक लेकर गया और भारत को 'विकासशील और अल्पविकसित देशों की आवाज के रूप में पेश करने की इस रणनीति ने एक पुरानी विकासात्मक कमजोरी को नेतृत्व के दावे में बदल दिया। जो देश अपने घरेलू स्तर पर नीतियों के क्रियान्वयन को लेकर आश्वस्त होता है, वह दुनिया के सामने एक अलग ही तरह से बात करता है।


इतने बड़े पैमाने पर किये गए काम की समीक्षा तो होती ही है और हमारे देश जैसे बहस-मुबाहिसे वाले लोकतंत्र में तो यह ज़रूर होगी। लेकिन सरकार से पूछे जाने वाले सवाल स्पष्ट रूप से बदल गए हैं और यही इस सफ़र में तय की गई दूरी का पैमाना है। पंडित नेहरू के भारत में यह सवाल पूछा जाता था कि सरकार क्या दे सकती है। मोदी जी के भारत में यह पूछा जाता है कि सरकार क्या काम पूरा करके दिखा सकती है और साथ ही उसका सबूत दिखाने पर भी जोर दिया जाता है।

इसीलिए 10 जून का दिन खास है और इसमें दिनों की गिनती उतनी अहमियत नहीं रखती। पंडित नेहरू ने भारतीय राज्य का ढांचा खड़ा किया था। मोदी जी ने इसे नए सिरे से तैयार किया है ताकि यह उस नागरिक तक पहुंच सके जिसके नाम पर इसे बनाया गया था। मैंने राज्य के इन दोनों रूपों में सेवा की है और मैं जानता हूं कि कतार में खड़ा आखिरी व्यक्ति किस बदलाव को हमेशा याद रखेगा। जो वादा कभी कहीं पहले भरोसे पर मानना पड़ता था, वह अब सीधे उसके अपने हाथों में पहुँच रहा है। यही वह 'विकसित भारत' है जिसे हमने 2047 तक बनाने का संकल्प लिया है और जैसा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था- इसकी शुरुआत, कतार के उसी आखिरी व्यक्ति तक पहुँच कर होती है।

**(लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

अध्यात्म

## महानता के लक्षण



एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर माँग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - 'माई! ओ माई!' पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया काँपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, 'बेटा! कुछ भीख दे दे।'

बुढ़िया के मुँह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, 'माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।' उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, 'बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।' पर बालक ने हठ करते हुए कहा - 'माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊँगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूँगा।'

माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, 'लो, दे दो।'

बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक ख़ज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया। एक दिन वह माँ से बोला, 'माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूँ।' उसे बचपन का अपना वचन याद था। पर माता ने कहा, 'उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हाँ, कलकत्ते के तमाम ग़रीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहाँ निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो।' माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

# मप्र रास चुनाव : कांग्रेस की हार का जिम्मेदार कौन?

**राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहा है कि क्या भाजपा या निर्वाचन आयोग धारा 125ए आरपी एक्ट के तहत मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध कोई कानूनी पहल करेगा? कांग्रेस के रिटर्निंग अधिकारी पर भाजपा के दबाव में काम करने के आरोप को भोंथरा करने के लिए भाजपा को प्रत्युत्तर में आपराधिक कानूनी कार्रवाई के लिए आगे आना चाहिए। मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध लंबित निजी शिकायत की जानकारी सार्वजनिक विमर्श में कैसे आई, यह अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। इतनी विशिष्ट जानकारी कांग्रेस के अंदर बैठे 'स्लीपिंग सेल' की सहायता के बिना सामने आना संभव नहीं लगता। कांग्रेस का दावा था कि चुनाव होते तो भाजपा की हार निश्चित थी। इसलिए भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी का दुरुपयोग कर जीत सुनिश्चित की। लेकिन इस दावे की पोल तब खुल गई जब खरीद-फरोख्त के डर से कांग्रेस अपने विधायकों को विशेष विमान से कर्नाटक ले जा रही थी, तब केवल 48 विधायक ही थे। जीत के लिए न्यूनतम 58 प्रथम वरीयता मत आवश्यक थे।**

राजीव खंडेलवाल

2018 में मध्य प्रदेश में चुनी गई कमलनाथ सरकार के पतन के बाद से कांग्रेस के लिए चुनावी पराजयों का सिलसिला शुरू हुआ था, जो अब तक थमता नहीं दिख रहा। लोकसभा, विधानसभा और अब राज्यसभा चुनाव में भी कांग्रेस को ऐसे झटके लगे हैं, जिनसे उबरना उसके लिए कठिन होता जा रहा है।

ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस ने राज्यसभा की (तथाकथित) सुरक्षित मानी जाने वाली सीट भी गंवा दी। इस तरह पार्टी एक बार फिर 'जीती बाजी हारने' की चर्चा के केंद्र में आ गई।

कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी ने पांच कारण दर्शाते हुए नामांकन निरस्त कर दिया। प्रमुख आधार यह था कि उन्होंने फॉर्म-26 में तेलंगाना की IV अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 223 के तहत लंबित कार्यवाही की जानकारी नहीं दी।

**दूसरा कारण: शपथ पत्र में अस्पष्ट व अधूरी सील।**

3 भाग दो के विवरण में विहित प्रारूप में बदलाव।

4 फार्म के भाग बी और शपथ पत्र भाग ए में परिसंपत्तियों का मूल्य अलग-अलग था।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत निर्धारित फॉर्म-26 में उम्मीदवार को अपने विरुद्ध लंबित समस्त आपराधिक मामलों का विवरण देना आवश्यक है। प्रश्न यह है कि धारा 223 बीएनएसए के तहत चल रही कार्यवाही क्या ऐसे 'आपराधिक मामले' की श्रेणी में आती है, जिसकी जानकारी देना अनिवार्य था?

कानूनी दृष्टि से शिकायत और प्राथमिकी में जो अंतर है, वही अंतर धारा 223 के तहत प्रारंभिक न्यायिक कार्यवाही और धारा 227 के तहत विधिवत आपराधिक अभियोजन में होता है। धारा 223 के तहत कार्यवाही मात्र एक शिकायत है, जहाँ व्यक्ति को तब तक आरोपी नहीं माना जा सकता, जब तक मजिस्ट्रेट धारा '227' के तहत उसे संज्ञान में न ले।

उच्चतम न्यायालय ने सतीश उके बनाम देवेंद्र फडणवीस, (2019) 9 SCC 1 में स्पष्ट किया कि धारा 33ए RP Act और नियम 4ए चुनाव संचालन नियम 1961 के तहत उन मामलों का खुलासा आवश्यक है, जिनमें-

1. दो वर्ष या उससे अधिक दंड का प्रावधान हो और आरोप तय हो चुके हों, या

2. 1 वर्ष की सजा हो चुकी हो या सक्षम न्यायालय ने संज्ञान ले लिया हो।

मीनाक्षी नटराजन के मामले में मजिस्ट्रेट ने अभी तक धारा 227 के तहत आदेश पारित कर उन्हें आरोपी नहीं बनाया है। इसलिए सिर्फ धारा 223 की कार्यवाही आपराधिक प्रकरण की श्रेणी में नहीं आती और इसकी जानकारी देना अनिवार्य नहीं था। यही कानूनी स्थिति है।



**गलत जानकारी देने पर आपराधिक कार्रवाई कब?**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125ए के तहत शपथ पत्र में गलत जानकारी देना या आवश्यक जानकारी छिपाना दंडनीय अपराध है। यदि निर्वाचन अधिकारी यह निष्कर्ष निकाले कि उम्मीदवार ने 'महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया' है, तो धारा 125ए के तहत कार्रवाई का आधार बन सकता है।

इस मामले में रिटर्निंग अधिकारी ने तेलंगाना की अदालत में लंबित निजी शिकायत क्रमांक 4472/2025, धारा 223 की जानकारी छिपाने को मुख्य आधार माना। जबकि नटराजन का तर्क है कि संबंधित कार्यवाही ऐसी नहीं थी, जिसकी जानकारी देना विधिक रूप से अनिवार्य हो।

भारतीय न्याय संहिता की धारा 229 और 230 के तहत भी शपथ पर मिथ्या कथन के लिए अलग से शिकायत हो सकती है।

राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहा है कि क्या भाजपा या निर्वाचन आयोग धारा 125ए RP Act के तहत मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध कोई कानूनी पहल करेगा? कांग्रेस के रिटर्निंग अधिकारी पर भाजपा के दबाव में काम करने के आरोप को भोंथरा करने के लिए भाजपा को प्रत्युत्तर में आपराधिक कानूनी कार्रवाई के लिए आगे आना चाहिए। मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध लंबित निजी शिकायत की जानकारी सार्वजनिक विमर्श में कैसे आई, यह अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। इतनी विशिष्ट जानकारी कांग्रेस के अंदर बैठे 'स्लीपिंग सेल' की सहायता के बिना सामने आना संभव नहीं लगता। कांग्रेस का दावा था कि चुनाव होते तो भाजपा की हार निश्चित थी। इसलिए भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी का दुरुपयोग कर जीत सुनिश्चित की। लेकिन इस दावे की पोल तब खुल गई जब खरीद-फरोख्त के डर से कांग्रेस अपने विधायकों को विशेष विमान से कर्नाटक ले जा रही थी, तब केवल 48 विधायक ही थे। जीत के लिए न्यूनतम 58 प्रथम वरीयता मत आवश्यक थे। वहीं भाजपा के विधायक अपने क्षेत्रों में ही थे। कांग्रेस की 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' इस बार भी भाजपा के सामने नाकाम रही। भाजपा का यह 'विश्वास' (शायद इसलिए जनता उन पर अंधविश्वास करती है) और कांग्रेस की उक्त 'आशंका' अपने आप में कहानी कह देती है। देशहित में विपक्ष को मजबूत बनाने के लिए भाजपा, जिसे प्रशिक्षण वर्ग लगाने में महारत हासिल है, को कांग्रेस के लिए भी एक प्रशिक्षण वर्ग लगाना चाहिए। ताकि कांग्रेस कम से कम अपनी जीती हुई बाजी को बनाए रखने में सफल हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेहरू के 64 साल पुराने 12 वर्ष से अधिक कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ने के अवसर पर मध्य प्रदेश ने राज्यसभा की एक अतिरिक्त सीट का तोहफा देकर उनका अभिनंदन किया। राज्यसभा चुनाव का यह मामला केवल एक नामांकन पत्र के निरस्तीकरण तक सीमित नहीं है। यह कांग्रेस की संगठनात्मक तैयारी, कानूनी सतर्कता और राजनीतिक प्रबंधन तीनों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। कांग्रेस को एक 'बाजीगर' की जरूरत है। सवाल यह है कि क्या वह मिल पाएगा?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अनावश्यक खर्चों के कारण समस्या होगी। अपनी योजनाओं को ठीक तरह से अमल में ला पायेंगे। जिस काम को अधूरा छोड़ दिये थे, उसे पूरा कर लेंगे।

**वृषभ**
जीवनसाथी से आपको काफी मदद मिलेगी। सम्मानित व्यक्तियों से महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। करियर में बदलाव करना चाहते हैं, तो धैर्य रखें।

**मिथुन**
नये सम्बन्धों में अधिक विश्वास न करें। सन्तान को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। विदेश यात्रा में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

**कर्क**
आपसी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। अभिनय से जुड़े लोगों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। करियर को लेकर बेहतरीन अवसरों का इन्तजार खत्म होगा।

**सिंह**
बुजुर्गों के प्रति मन में श्रद्धा का भाव रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आकस्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**कन्या**
आज आप उपन्यास और गूढ़ विषयो में रुचि ले सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति से कठिनाइयों को दूर कर लेंगे। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**तुला**
व्यवहार को लेकर आत्मनिरीक्षण अवश्य करें। किसी छोटी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा न करें। सामाजिक नियमों और अनुशासन को लेकर आप परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक**
जीवन में अनुशासन लाने का प्रयास करें। स्थान परिवर्तन की योजना को लेकर जल्दबाजी न करें। परिवार को अत्यधिक समय देंगे।

**धनु**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को नौकरी मिल सकती है। अपच और गैस की परेशानी हो सकती है। तीखे और मसालेदार भोजन का सेवन न करें।

**मकर**
दूसरों की सहायता करने में संकोच न करें। अपने व्यापार को लेकर त्वरित निर्णयों से आपको लाभ मिलेगा। रोजगार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये।

**कुंभ**
अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में काफी तेजी से आगे बढ़ेंगे।

**मीन**
दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। आपको अच्छी नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिये दिन अपेक्षाकृत शुभ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद को लेकर चलीं गोलियां, दो गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव में पैसे के लेनदेन और आपसी वर्चस्व के विवाद में रविवार रात जमकर बवाल हुआ। गांव के एक जिम के पास दो गुटों में पहले कहासुनी और झड़प हुई, जिसके बाद देर रात करीब तीन राउंड फायरिंग की गई। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों के मुताबिक, बरहपुर गांव स्थित एक जिम के पास रविवार रात दो पक्षों में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद बढ़ गया। बहस इतनी बढ़ी कि दोनों गुट आमने-सामने आ गए। झड़प के बाद एक पक्ष ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि बरहपुर निवासी सत्यम कुमार ने सोमवार को थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में पांच लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरहपुर निवासी अमन कुमार और मोनू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि घटनास्थल की जांच की गई, लेकिन मौके से किसी प्रकार का खोखा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चश्मदीदों से पूछताछ कर रही है।

### सिपाही भर्ती की भीड़ से 'पैक' हुई भभुआ इंटरसिटी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिपाही भर्ती और मद्यनिषेध विभाग की भर्ती परीक्षा के चलते पटना-गया रेलखंड की ट्रेनों में भीड़ बेकाबू हो गई है। सोमवार को भभुआ से पटना आ रही भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस में हालात इतने खराब थे कि यात्री एक-दूसरे पर चढ़कर सफर करने को मजबूर हुए। ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि तारेगना रेलवे स्टेशन पर रुकने के बावजूद प्लेटफॉर्म पर खड़े एक भी यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ पाए। बोगी के



गेट पर यात्री इस कदर ठूंसे हुए थे कि दरवाजा खोलना ही नामुमकिन हो गया। भीड़ के दबाव से बोगी के अंदर कई यात्रियों के बेहोश होने और तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। यात्री भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। ट्रेन जैसे ही परसा से आगे महोली पहुंची, कई बार चेन पुलिंग यानी वैक्यूम काटा गया। नाराज यात्रियों ने पथराव भी किया। हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे प्रशासन के लिए परीक्षा के दौरान भीड़ मैनेज करना बड़ी चुनौती बन गया है। हालांकि रेलवे ने परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल ट्रेन भी चलाई है।

### दुष्कर्मी संतोष यादव को 20 साल की सजा, 1 लाख जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस की मजबूत पैरवी और चार्जशीट के आधार पर स्पेशल कोर्ट ने भगवानगंज थाना कांड संख्या 38/22 में अहम फैसला सुनाया है। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी संतोष यादव उर्फ संतोष कुमार पिता अशोक यादव को कोर्ट ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। धारा-6 के तहत दोषी संतोष यादव को 20 वर्ष कठोर कारावास और 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा कोर्ट ने भ्द्धउ की धारा-363 के तहत अपहरण के मामले में दोषी को 3 वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 माह का साधारण कारावास अलग से भुगतना होगा। दरअसल यह मामला भगवानगंज थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में बीते 02.04. 2022 को घटना घटित हुई थी, जहां पर एक नाबालिक को अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी इस मामले में पीड़ित की मां ने भगवानगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

### दनियावां में सहयोग शिविर आयोजित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के दनियावां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में मामले आए।इनमें राजस्व विभाग ,बिजली ,खाद्य आपूर्ति, ग्रामीण विकास , पंचायती राज ,जल संसाधन सहित अन्य मामले आए।बीडीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि सभी मामलों का निष्पादन हेतु संधारित कराया गया है।

### पुनपुन नदी किनारे गरजा बुलडोजर, 25 हजार लीटर जावा महुआ और 1000 ड्रम नष्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पिपरा पुलिस ने सोमवार को शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ऑपरेशन देसी शराब के तहत पुनपुन नदी के किनारे राजघाट नवादा पुल से बेहरावां चकिया मुसहरी तक जेसीबी चलाकर अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पिपरा पुलिस ने टीम गठित कर छापेमारी की। जांच में पता चला कि नदी किनारे सैकड़ों की संख्या में जमीन के अंदर ड्रम गाड़कर महुआ चढ़ाकर शराब बनाई जा रही थी। पुलिस ने जेसीबी की मदद से सभी अवैध ठिकानों को नष्ट कर दिया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 1000 ड्रम जो जमीन में गाड़कर शराब बनाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे, उन्हें नष्ट कर दिया। साथ ही 25,000 लीटर



अर्ध निर्मित जावा महुआ को भी मौके पर ही नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब माफियाओं के लिए नदी का किनारा सबसे सेफ जगह मानी जाती है। इसलिए नदी किनारे और आहार-पइन वाले इलाकों को टारगेट कर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सभी आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने कहा कि सभी आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मसौढ़ी में विवाहिता से छेड़खानी और मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भैंसता गांव में एक विवाहिता के साथ छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता और उसके पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता, उम्र 21 वर्ष, पति अनुज कुमार वर्मा, निवासी भैंसवां, थाना मसौढ़ी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 15 जून 2026 की शाम करीब 7:30 बजे वह अपने घर के बाहर दलान पर खाना खाने के लिए सास ससुर को बुलाने जा रहे थे इस वक्त सुनसान रास्ते में घर के बाहर गांव के ही 50 वर्षीय उदल प्रसाद, पिता शिवशंकर महतो ने सुनसान का फायदा उठाकर उसे जबरन पकड़ लिया।आरोप है कि उदल प्रसाद पीड़िता को गलत नीयत से अपने घर में खींचने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया और मारपीट शुरू कर दी।

# मोकामा के लाल ने बढ़ाया बिहार का मान

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लेफ्टिनेंट विशाल को 'सॉर्ड ऑफ ऑनर' और प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल से किया सम्मानित





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा के लिए आज ऐतिहासिक गौरव का दिन रहा। इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून की पासिंग आउट परेड में देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मोकामा प्रखंड के हाथीदह पंचायत अंतर्गत महेन्द्रपुर गांव निवासी श्री विनोद सिंह के पुत्र लेफ्टिनेंट विशाल कुमार को इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में 'स्वार्ड ऑफ ऑनर' और 'प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल' से सम्मानित किया।लेफ्टिनेंट विशाल के पिता विनोद सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सिपाही हैं। एक फौजी परिवार से निकलकर विशाल ने आइएमए में अपने प्रशिक्षण के दौरान नेतृत्व, अनुशासन और अकादमिक उत्कृष्टता का सर्वोच्च प्रदर्शन किया। इसी के आधार पर उन्हें बैच के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड कैडेट का यह दुर्लभ सम्मान मिला।राष्ट्रपति के हाथों सम्मान पाने वाले लेफ्टिनेंट विशाल की यह उपलब्धि मोकामा ही नहीं, पूरे बिहार के नौजवानों के लिए प्रेरणा बन गई है। महेन्द्रपुर गांव से लेकर हाथीदह और पूरे मोकामा क्षेत्र में जश्न का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह तस्वीर मोकामा की पहचान में चार चांद लगा रही है।लेफ्टिनेंट विशाल की सफलता यह संदेश देती है कि छोटे गांव-कस्बों से निकलकर भी यदि लगन और मेहनत हो तो देश सेवा के सर्वोच्च मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। सेना में गोल्ड मेडलिस्ट अधिकारी के रूप में कमीशंड होना हर उस युवा के लिए मिसाल है जो समाज और राष्ट्र के लिए कुछ बेहतर करने का सपना देखता है।कांग्रेस नेता सह उनके भाई चंदन कुमार ने बताया कि 13 जून को इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून में कड़ी मेहनत प्रशिक्षण के उपरांत थल सेना का लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया, इन्हें स्वार्ड ऑफ ऑनर अवॉर्ड और प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल से सम्मानित सम्मान मिलें, इन्होंने गोरखा इन्फेंट्री को अपना कर्मस्थल चुना।

# सहयोग शिविर में जन समस्याओं के समाधान के लिए दिए गए सैकड़ों आवेदन




**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' के संकल्प एवं 'सबका सम्मान, जीवन-आसान' के उद्देश्य को लेकर मंगलवार को पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवेदन सौंपे। प्रशासन की ओर से आयोजित यह शिविर पालीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4, 8 एवं 9 के लिए डीहपाली स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में लगाया गया। इसके अलावा रानीपुर-कुरकुरी, सरसी-पिपरदाहा एवं दहिया पंचायतों के मध्य विद्यालयों में भी शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में भूमि सुधार एवं राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पीएचईडी (पेयजल) तथा आपूर्ति विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। लोगों ने अपनी शिकायतों और समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे। इस दौरान पालीगंज डीएसपी-1 राजीव चंद्र सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी भावना कुमारी, बीडीओ सुशील कुमार, सीओ महेश कुमार तथा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने विभिन्न शिविर स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन का निर्देश संबंधित विभागों को दिया। शिविर को सफल बनाने में रानीपुर-कुरकुरी के मुखिया, सरपंच, उपसरपंच सहित सरसी-पिपरदाहा एवं दहिया पंचायतों के जनप्रतिनिधियों तथा पंचायत सचिवों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। सबसे अधिक शिकायतें भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुई, जबकि बिजली एवं आपूर्ति विभाग के मामलों को लेकर भी बड़ी संख्या में आवेदन दिए गए। स्थानीय लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला है। हालांकि ग्रामीणों ने यह भी उम्मीद जताई कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन हो, ताकि लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि प्राप्त सभी आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# री नीट में सफलता हेतु गोल इंस्टीट्यूट ने आयोजित किया विशेष मार्गदर्शी सेमिनार



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी री नीट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को मानसिक एवं अकादमिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गोल इंस्टीट्यूट द्वारा एक विशेष प्रेरणादायी एवं रणनीतिक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को अंतिम दिनों की तैयारी, समय प्रबंधन, परीक्षा रणनीति एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने कहा कि अंतिम सप्ताह में विद्यार्थियों को केवल रिविजन एन सी ई आर टी आधारित अध्ययन, मॉक टेस्ट एवं एरर अनलिसीस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह ने कहा कि री नीट विद्यार्थियों के लिए स्वयं को पुनः सिद्ध करने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव एवं तुलना से बचने, अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। आर एंड डी हेड श्री आनंद वात्स ने स्मार्ट स्टडी की महत्ता बताते हुए कहा कि अंतिम दिनों में अध्ययन की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पिछले वर्षों के प्रश्नों, महत्वपूर्ण कांसेप्ट, फॉमूर्ला एवं टेस्ट अनालिसीस पर विशेष फोकस करने की सलाह दी। सेमिनार में गोल इंस्टीट्यूट सफल विद्यार्थियों एवं वर्तमान पी एम सी एच के छात्र अंकिश, सचिन, कृति एवं आकांक्षा ने भी अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों एवं सफल मेडिकल छात्रों ने विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया कि यदि वे अंतिम दिनों में सही रणनीति, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं निरंतर अभ्यास बनाए रखते हैं तो री निट में उत्कृष्ट सफलता अवश्य प्राप्त कर सकते हैं।

## 'बाहरवाली' के प्यार में 'घरवाली' पर जुल्म

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाहरी महिला से प्रेम प्रसंग के चक्कर में एक पति अपनी ही पत्नी पर जुल्म ढा रहा था। तंग आकर पत्नी ने थाने में पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी गांव का है। पीड़िता प्रियंका देवी ने पुनपुन थाना पहुंचकर पति पिंकू पासवान के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। प्रियंका का आरोप है कि उसका पति किसी दूसरी महिला के चक्कर में उसके साथ रोजाना मारपीट करता है। खाना-पीना नहीं देता और घर में भी नहीं रहने देता। मामले में पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पीड़ित महिला का आवेदन मिला है। महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से पहले दोनों की काउंसलिंग कराई जाएगी। अगर पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रोहतास डेयरी परियोजना का शैक्षणिक भ्रमण, छात्रों ने जानीं आधुनिक डेयरी संयत्र की बारीकियां




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी (बीएसआईडीटी), पटना के बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) 2023 बैच के विद्यार्थियों ने मंगलवार को रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट, डेहरी-ऑन-सोन का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह डेयरी संयंत्र शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अंतर्गत संचालित है । भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बड़े पैमाने पर डेयरी एवं खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने थर्मोफॉर्म पैकेजिंग तथा मॉडिफाइड एटमॉस्फियर पैकेजिंग (एमएपी) जैसी उन्नत पैकेजिंग तकनीकों को करीब से देखा। साथ ही पनीर, चीज, दही, सुरभि, ठेकुआ, गुलाब जामुन, रसोगुल्ला, चमचम एवं पेड़ा सहित विभिन्न डेयरी एवं खाद्य उत्पादों के निर्माण और पैकेजिंग प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। बीएसआईडीटी, पटना के डीन डॉ. राकेश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण तकनीकों, गुणवत्ता प्रबंधन एवं औद्योगिक संचालन प्रणालियों को समझने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करते हैं तथा डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उनके रोजगार अवसरों को सुदृढ़ बनाते हैं।

## पशुपालन कर्मी का हृदयाघात से निधन



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड से एक दुःखद समाचार प्राप्त हो रहा है जहां सरकारी पशु चिकित्सालय में कार्यरत एक पशुपालन कर्मी का हृदयाघात से मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौर गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अथमलगोला थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी 53 वर्षीय पंकज कुमार पिछले कई वर्षों से अथमलगोला सरकारी पशु चिकित्सालय में सहायक के रूप में कार्यरत थे। और पशु चिकित्सा का भी कार्य करते थे। जिनका हृदयाघात से निधन हो गया।डॉ पंकज बाबा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बाढ़ विधायक डॉ सियाराम सिंह ने कहा कि इस चर्चित व्यक्तित्व का चिकित्सा, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है।

# पंजाबी बिरादरी की स्मारिका-सह-सदस्य निर्देशिका का भव्य विमोचन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंजाबी बिरादरी द्वारा लाला लाजपत राय भवन में आयोजित एक गरिमामय एवं भव्य समारोह में संस्था के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने ष्पंजाबी बिरादरी स्मारिका-सह-सदस्य निर्देशिकाष का विधिवत विमोचन किया। यह प्रकाशन संस्था के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों एवं सदस्यों के बीच आपसी संपर्क को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों, पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षों, वरिष्ठ सदस्यों एवं महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्षाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती उमा सिंह, उपाध्यक्ष संजय सलूजा, अशोक कुमार सोनी, महासचिव बी.पी. धवन तथा कोषाध्यक्ष सरदार इंदरपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बिरादरी के पूर्व अध्यक्षों डी.बी. गुप्ता, रमन सिंधी, गुरमीत सिंह, आर.सी. मल्होत्रा एवं सरदार गुरुदयाल सिंह की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़या। वरिष्ठ सदस्यों राज कपूर एवं श्री बलराज कपूर ने भी अपनी स्नेहिल उपस्थिति से आयोजन को गौरवान्वित किया। महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्षाओं श्रीमती वीणा गुप्ता, श्रीमती नीलम छाबड़ा श्रीमती सविता जैन, श्रीमती डॉली कोहली, श्रीमती सीमा पॉल, श्रीमती रोशनी सिंह, श्रीमती बीना सेठ एवं श्रीमती रेशमी चौधरी ने भी समारोह में भाग लेकर इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। अपने संबोधन में अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने कहा कि यह स्मारिका-सह-सदस्य निर्देशिका न केवल पंजाबी बिरादरी की उपलब्धियों और गतिविधियों का दस्तावेज है, बल्कि यह समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने इस प्रकाशन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सदस्यों, सहयोगियों, विज्ञापनदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नगर सहित पंचायतों में भी लगा सहयोग शिविर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर में आम लोगों की समस्याओं और जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से बिहार सरकार की पहल पर मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 8, 9, 10 और 11 के लिए न्यू ताराचक्र स्थित कुसुम सामुदायिक भवन के समीप सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें और आवेदन जमा किये।

#### कई विभागों के लगाए गए काउंटर

शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे, जहां लोग अपनी समस्याओं और सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा कर सके। पीएम आवास योजना, परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छता, मद्य निषेध एवं निबंधन, श्रम संसाधन, उद्योग, गृह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, ऊर्जा, शिक्षा, कृषि, सहकारिता, समाज कल्याण, स्वास्थ्य तथा पशुपालन विभाग सहित कई विभागों के स्टॉल लगाया गया था।

#### पीएम आवास, जमीन और राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें

शिविर में पीएम आवास योजना, भूमि विवाद, राशन कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, सड़क और नाली निर्माण जैसी समस्याओं से संबंधित आवेदन बड़ी संख्या में प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने बताया कि त्वरित निष्पादन योग्य मामलों का निपटारा शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। जबकि अन्य मामलों का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जायेगा। कई काउंटरों पर कर्मी नहीं मिले। शिविर के दौरान कुछ विभागीय काउंटरों पर कर्मियों की अनुपस्थिति भी देखने को मिली। इसके कारण कुछ लोगों को संबंधित विभागों तक अपनी शिकायत पहुंचाने में परेशानी हुई।दानापुर एसडीओ अनिरुद्ध पांडेय ने शिविर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने शिकायतों के त्वरित निष्पादन और लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके साथ ही मुबारकपुर मध्य विद्यालय परिसर,दियारा क्षेत्र के पतलापुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय तथा हेतनपुर पंचायत के माधोपुर मध्य विद्यालय में भी सहयोग शिविर आयोजित किया गया।

# जगत नारायण लाल कॉलेज में सहयोग शिविर का किया गया आयोजन, समस्या को लेकर फरियादी पहुंचे

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद खगौल में मंगलवार को जगत नारायण लाल कॉलेज में सरकार के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया नगर कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार के देखरेख में सहयोग शिविर आयोजित की गई। सहयोग शिविर में बिजली, बाल विकास परियोजना, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, राशन, पीएम आवास, पुलिस प्रशासन सहित कई विभाग से जुड़े मामले को लेकर नगर के लोगों ने समस्याओं के बारे में अधिकारियों और कर्मियों को अवगत कराते हुए आवेदन दिया। नगर वासियों के समस्याओं को अधिकारियों और कर्मियों ने सुनते हुए हर संभव मदद और निष्पादन करने का भरोसा दिया। इस दौरान खगौल के वार्ड संख्या 23 के अजय कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, पूनम देवी, , महेंद्र सिंह , प्रशांत कुमार सिंह, पिंटू कुमार,खगौल के सभी नगर वासी पहुंचे थे। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्ड संख्या के लिए सहयोग शिविर आयोजित की गई।

# साहब, समस्या का समाधान कीजिए: मसौढ़ी के सहयोग शिविर में एसडीएम का अल्टीमेटम, बोले- काम नहीं तो कार्रवाई पक्की

## मसौढी के नदौल बेर्रा और नगर परिषद क्षेत्र में सहयोग शिविर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए मसौढ़ी में मंगलवार तिन जगहों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। पहला शिविर मसौढी प्रखंड के नदौल में प्राथमिक विद्यालय जमालपुर परिसर और दुसरा बेर्रा हाई स्कूल में लगा, वहीं तिसरा शिविर नगर परिषद क्षेत्र के शनिदेव मंदिर परिसर स्थित सभागार में आयोजित हुआ। नदौल के जमालपुर प्राथमिक विद्यालय में लगे शिविर में एसडीएम अभिषेक कुमार ने खुद पहुंचकर जायजा लिया। सहयोग शिविर का निरीक्षण कर लोगों से फीडबैक लिया गया। प्राप्त आवेदनों का 30 दिन की निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आवेदकों को इससे अवगत कराने का निर्देश दिया गया।कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। इस शिविर में करीब 19 विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पारिवारिक विवादों सहित अन्य मामलों का निपटारा किया गया। आयोजित शिविर में सबसे ज्यादा लंबित पेंशन और राशन कार्ड की समस्याएं देखी गई इसके अलावा परिमार्जन खेत की रसीद समिति कई समस्याएं देखी गई। वहीं नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर करीब 6 वार्डों के लोगों के लिए लगाया गया था। यहां भी लोगों ने जमीन, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना समेत कई समस्याएं रखीं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां एक छत के नीचे लगभग 19 विभागों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को साफ निर्देश दिया कि आमजन की हर समस्या का गंभीरता से निष्पादन करें। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# दनियावां में जल संकट गहराया: पर्यावरणविद बोले- अब नहीं चेते तो अगली गर्मी में प्यासे रह जाएंगे लोग

डॉ राजीव नयन सिंह



**दनियावां, पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी बढ़ते ही दनियावां प्रखंड के 6 पंचायतों के 33 राजस्व ग्रामों में जल संकट की तस्वीरें साफ दिखने लगी हैं। सरोवर, कुएं और पोखर तेजी से सूख रहे हैं। पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी तक नहीं बच रहा। पर्यावरणप्रेमी औऱ फतुहा-दनियावां प्रखंड के जदयू नेता विशन कुमार बिट्टू का कहना है कि अगर अभी जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठे तो अगली गर्मी में दनियावां के कई गांवों को टैंकर पर निर्भर होना पड़ेगा।

बिट्टू जी ने नवबिहार टाइम्स से बातचीत में कहा, 'भारत दुनिया में भूजल दोहन में सबसे आगे है। हम हर साल बारिश का सिर्फ 12% पानी ही सहेज पाते हैं, बाकी बह जाता है। दनियावां में स्थिति और गंभीर है क्योंकि यहां प्राकृतिक जल स्रोतों की हम खुद उपेक्षा कर रहे हैं।ह्वबताते चलें कि अपने फतुहा के आवास के बड़े छत पर ही उन्होंने बगीचा लगा दिया है जिसमें फलदार,फूलदार और सब्जियों के पौधे भी हैं।वे फुरसत के क्षणों में खुद इन पौधों को हरा-भरा रखने के लिए सिंचाई करते हैं।जन्मभूमि सरथुआ में भी उन्होंने इस धरती माँ की सेवा में वृक्षारोपण कर इसे संरक्षण दिया है।

#### जल-नल योजना की लापरवाही से पानी की बबार्दी

उन्होंने जल-नल योजना पर सीधा सवाल उठाया। कई जगह नल खुले छोड़ दिए जाते हैं, पाइप टूटे हैं, लेकिन मरम्मत नहीं होती। नतीजा ये कि कीमती पानी यूं ही सड़क पर बह जाता है। सरकारी योजना का मकसद लोगों तक पानी पहुंचाना है, बर्बाद करना नहीं। पंचायत और विभाग को रोज निगरानी करनी होगी।

#### सरोवर सूखे, पेड़ कटे, कुएं पटे

बिशन बिट्टू जी के मुताबिक दनियावां के पुराने कुएं अब ज्यादातर सूख चुके हैं या मिट्टी-पत्थर से भर दिए गए हैं। गांवों के पोखर और सरोवर भी अतिक्रमण और सिल्ट से पट रहे हैं। इसका असर पशु-पक्षियों पर सबसे पहले दिख रहा है। ह्वपहले पक्षी इन्हीं पोखरों पर आते थे। अब पानी नहीं तो वो भी गांव छोड़ रहे हैं, उन्होंने कहा। सड़क निर्माण के नाम पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई को भी उन्होंने बड़ी चूक बताया। पेड़ ही बारिश खींचते हैं, भूजल बचाते हैं। पेड़ काटकर हम गर्मी और जल संकट दोनों को दावत दे रहे हैं।

#### समाधानः वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण

श्री बिट्टू जी ने कहा कि समाधान प्रकृति के पास ही है। ह्वहर घर, स्कूल, पंचायत भवन में वर्षा जल संचयन और सोख्ता गड्ढे बनाएं। छत का पानी जमीन में उतारें। मानसून में बड़े पैमाने पर घने पेड़ लगाएं - खासकर पीपल, बरगद, नीम, पाकड़ जैसे देशी पेड़। उन्होंने युवाओं और बुद्धिजीवियों से अपील की कि जल बचत को जन आंदोलन बनाएं। स्कूलों में बच्चों को बताएं कि एक बूंद का क्या मतलब है। सोशल मीडिया पर जल संरक्षण की बात फैलाएं। अगर आज हम नहीं चेते तो कल की पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। प्रखंड प्रशासन ने कहा है कि जल संरक्षण को लेकर जल्द जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और सूखे जल स्रोतों के जीर्णोद्धार की योजना बनाई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ एस एन यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय चट्टी के मशहूर चिकित्सक 75 वर्षीय डॉ स्वामीनाथ यादव को उनके श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि दी गई।भारी संख्या में जुटे समाजसेवी आदि गणमान्य लोगों ने डॉ एस एन यादव को चिकित्सक के साथ समाजसेवी बताते हुए कहा कि आध्यात्म के साथ भजन कीर्तन में डा यादव लिखते थे।मूल रुप से सारण जिले के मांझी थाना के भाठा मोहम्मदपुर गांव के निवासी डॉ यादव रसूलपुर चट्टी पर ही अपना प्रैक्टिस करते थे और नवादा पंचायत के चांड़वा गांव में अपना स्थायी निवास बना कर रहते थे।तीन पुत्र, दो पुत्रियां ,पत्नी व नाती पोते से भरा शिक्षित परिवार डॉ यादव ने छोड़ा है।उनके बड़े पुत्र अधिवक्ता ब्रजेश यादव ने श्रद्धांजलि देने पहुंचे आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता जताई। श्रद्धांजलि देने वालों में शिक्षक रामबहादुर यादव,अनिल उपाध्याय, राजेश्वर यादव, रामेश्वर गोप आदि मुख्य रुप से मौजूद थे।

### खरीफ महोत्सव में किसानों को दी गई आधुनिक खेती पर जोर

**एकमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन सभागार में मंगलवार को शारदीय (खरीफ) महोत्सव एवं प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ आत्मा अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों का स्वागत जीवंत पौधा भेंट कर किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों को खरीफ मौसम की विभिन्न फसलों की उन्नत खेती, उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कृषि समन्वयक राजेश कुमार ने आधुनिक कृषि तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों पर भी चर्चा हुई।



किसानों को बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इसके विकल्प के रूप में जैविक एवं संतुलित खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। आत्मा सारण के उप परियोजना निदेशक ने फसल चक्र और दलहनी फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने में उनकी भूमिका बताई। इस कार्यक्रम में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक जितेंद्र कुमार, मोहम्मद जमालुद्दीन अंसारी, राजेंद्र मौर्य, कृषि समन्वयक प्रभात मिश्रा, किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, हरेराम पंडित, कामेश्वर मांझी, विकास कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक मो. नसीम सहित कृषि विभाग के सभी कर्मी, आसपास के ग्रामीण किसान एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जन समस्याओं को लेकर फैसल अहमद ने की नीतीश कुमार से मुलाकात

**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के किशनगंज जिला अध्यक्ष फैसल अहमद ने सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। उन्होंने किशनगंज शहर के लिए ' स्ट्रांग वॉटर ड्रेनेज 'योजना की स्वीकृति और आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष फैसल अहमद ने मुख्यमंत्री को एक आवेदन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि किशनगंज शहर में हर साल बारिश के मौसम में गंभीर जल जमाव होता है। शहर के कई प्रमुख मोहल्लों,सड़कों और बाजार क्षेत्र में पानी जमा होने से आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है और



व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होती है। फैसल अहमद ने कहा कि किशनगंज शहर में आधुनिक और मजबूत जल निकासी व्यवस्था विकसित होने से जल जमाव की समस्या का स्थाई समाधान संभव होगा। इसके लिए ' स्ट्रांग वॉटर ड्रेनेज' योजना के तहत विशेष वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने और आवश्यक राशि उपलब्ध करने का आग्रह किया. फैसल अहमद ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने उम्मीद जताई की योजनाओं को मंजूरी मिलने के बाद शहर वासियों को वर्षों पुरानी जल जमाव की समस्या से राहत मिलेगी और शहरी आधारभूत संरचना को भी मजबूती मिलेगी।

### जन सहयोग शिविर में कई मामलों का हुआ समाधान

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण उनके द्वार पर ही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को चिरैया प्रखंड की खड़तरी मध्य, खड़तरी पश्चिमी एवं सिरौना पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों एवं आवेदनों की सुनवाई कर अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। शिविर में दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना



तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस अवसर पर सिकरहना अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि जन सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड अथवा जिला मुख्यालय का चक्कर लगाने से बचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को उनके गांव में ही आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। अधिकारियों ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जा रहा है, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान की प्रक्रिया को सराहा। शिविर में बीडीओ संजय कुमार, आरओ श्रीनिवास प्रसाद, बीईओ सरोज कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम पासवान, मुखिया अजय साह, देवलाल सहनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में समर कैंप बना 'पाठशाला': अभिभावकों को सिखाए जा रहे बच्चों को पढ़ाने के टिप्स

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक बनाने के लिए शिक्षा विभाग की अनूठी पहल रंग ला रही है। समर वेकेशन और पेरेंट-टीचर मीट के दौरान सरकारी स्कूलों में अभिभावकों को बुलाकर बच्चों को घर पर पढ़ाने के नए तरीके सिखाए जा रहे हैं। इससे स्कूल और परिवार के बीच बेहतर समन्वय बन रहा है। मसौढ़ी के प्राथमिक विद्यालय मीरचक में आयोजित समर



कैंप में अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। जहां अभिभावकों में गुड़िया कुमारी, विभा कुमारी, राजकुमार दास आदि ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से समझा।स्कूल के वरीय शिक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को खेल-खेल में पढ़ाने और छुट्टियों के दौरान बच्चों से होमवर्क कराने के आसान तरीके बताए जा रहे हैं। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य समुदाय और अभिभावकों को स्कूलों से जोड़ना है, ताकि बच्चों की शिक्षा सिर्फ स्कूल तक सीमित न रहे। घर का माहौल भी सीखने वाला बने, इसके लिए माता-पिता को विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में अभिभावकों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।शिक्षा विभाग की इस पहल से राज्य के सरकारी स्कूलों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। अभिभावक भी इस प्रयास को सराह रहे हैं और बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# सहयोग शिविर में पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद

## लाभार्थियों के बीच प्रमाण पत्र व जॉब कार्ड का किया वितरण

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कटिहार के स्थानीय विधायक तारकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को कटिहार प्रखंड की दलन पूरब पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरसा परिसर में आयोजित जनकल्याण सह सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर लाभार्थियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद तारकिशोर प्रसाद ने विभिन्न विभागों के टेबल पर जाकर आम लोगों से बातचीत की और योजनाओं के क्रियान्वयन की



स्थिति का जायजा लिया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने वासगीत पर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना, नामांतरण, परिमार्जन तथा जॉब कार्ड से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड, वंशावली प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तथा जीविका समूहों से संबंधित स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। तारकिशोर प्रसाद ने दलन पूरब पंचायत में श्मशान घाट की भूमि की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अंचल पदाधिकारी को शीघ्र भूमि चिन्हित करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग है, जिसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजना से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे, इसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन तथा जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। कार्यक्रम में जदयू जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश राय, निरंजन पोद्दार, भाजपा नेता धर्मनाथ तिवारी, अमित कुमार गुप्ता, बब्बन झा, पंचायत मुखिया नईमुल हक, सरपंच दिनेश मोहन ठाकुर, मन्नू राम सहित बड़ी संख्या में एनडीए के नेता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिजली पानी सड़क नाला जैसी समस्याओं से शिविर में विधायक हुए रूबरू



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय बड़ी आशिकपुर जमालपुर में सहयोग शिविर का आयोजन मुख्य पार्षद पार्वती देवी के अध्यक्षता में किया गया। सहयोग शिविर के मुख्य अतिथि जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल के उपस्थिति में जनता ने बिजली पानी सड़क नाला जैसे समस्या से रूबरू कराया। जनता के समस्या के प्रति गंभीर दिखे विधायक ने कहां की सरकार की एक ही उद्देश्य एवं मनसा है कि समस्या समाधान को लेकर जनता परेशान ना हो एक ही छत के नीचे आयोजित होने वाले शिविर के माध्यम से सभी समस्या का समाधान 30 दिनों के अंदर होना है। सहयोग शिविर के प्रति जनता का विश्वास सरकार की ओर देखने को मिल रहा है। इसलिए अधिकारी गंभीर होकर शिविर में आने वाले समस्या निदान को लेकर जागरूक हो जाए। इसके पहले शिविर में पहुंचे विधायक का स्वागत कार्यपालक पदाधिकार विजय शील गौतम,स्वच्छता पदाधिकारी सोनम राज ने किया। मौके पर जदयू प्रखंडध्यक्ष मुनीलाल मंडल,वार्ड पार्षद कैलाश सिंह,सोनू मंडल,अमित कुमार,अमित कुमार चंद्रवंशी, सफाई निरीक्षक सतनारायण मंडल शशिकांत, प्रेम शंकर,नजीर, मनोज मंडल,अनिल कुमार मंडल,आलोक कुमार,पंकज कुमार सहित कई मौजूद थे।

# भारत-नेपाल सीमा पर 76.6 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारणम)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी विरोधी अभियान के तहत एसएसबी की 71वीं वाहिनी



मोतिहारी अठमोहनऔर झरौखर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई करते हुए 76.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। एसएसबी की 71वीं वाहिनी को नेपाल से भारत में गांजा तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के बाद एएसआई हरिंदर यादव के नेतृत्व में एसएसबी और झरौखर थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 358/4 के समीप बरोखर गांव में विशेष नाका लगाकर निगरानी शुरू की। मंगलवार सुबह करीब 3:45 बजे जवानों ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पीठ पर बोरे लादे सीमा पार करते देखा। सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत दिया, लेकिन सभी तस्कर भागने लगे। पीछा करने के दौरान एक तस्कर को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। तस्करों की तलाश के लिए क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच जूट के बोरे बरामद हुए। ड्रग डिटेक्शन किट से जांच करने पर बरामद पदार्थ गांजा पाया गया। वजन करने पर कुल 76.6 किलोग्राम गांजा बरामद होने की पुष्टि हुई।

# किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की सलाह

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय के ई किसान भवन के सभागार में मंगलवार को खरीफ महोत्सव आयोजित कर किसानों को नई तकनीकी से खेती करने की विधि बताई गई कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, अरबिन्द कुमार कृषि बिज्ञान केन्द्र,पिपराकोठी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कुमार पासवान जिला पार्षद लालबाबू यादव शैलेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया वही सभी पदाधिकारी को बुके और फूल के गुच्छा देकर सम्मानित किया गया जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र पिपरा कोठी के अरविंद कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती और जैविक खाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यूरिया का उपयोग कम कर नैनो यूरिया का इस्तेमाल करें जिससे कम से कम लागत मे फसल अधिक हो और मुनाफा ज्यादा हो सके और किसानों को फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान को विशेष जोड़ दिया गया।

# जीविका के माध्यम से आयोजित सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर में आमजनों की समस्या का हुआ समाधान

## सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर से आमजनों को मिलेगा लाभ : डीएम

**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला के सभी प्रखंड में सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।16 से 18 जून तक इस शिविर का संचालन किया जाएगा। शिविर में जीविका के साथ अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए हैं।जिला पदाधिकारी विशाल राज ने टेढ़ागाछ और बहादुरगंज प्रखंड में आयोजित सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर में भाग लिया। जिलाधिकारी ने सहयोग शिविर में विभिन्न सरकारी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बताया कि सहयोग शिविर में, सरकारी योजना से संबंधित लाभ प्राप्त करने हेतु, आमजनों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है।आमजनों की सुविधा के लिए इस



शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा उपस्थित थे. सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविर में जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव, लखपति दीदी सहित अन्य योजना एवं गतिविधि का लाभ, पीएम सूर्य योजना, आयुष्मान भारत, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम आवास योजना, वी बी जी राम जी, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान, छात्रवृत्ति, उद्यमी योजना सहित अन्य योजना से संबंधित आवेदन एवं लाभ प्राप्त करने में आमजनों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। साथ ही योजना के लाभ से संबंधित शिकायत पर समाधान भी किया जा रहा है।

# ट्रेनों के ठहराव को लेकर ग्रामीणों का तीन घंटे धरना-प्रदर्शन

## रेलवे प्रशासन के आश्वासन के बाद बंद किया गया धरना

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर-किऊल रेलखंड के महत्वपूर्ण कजरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की बहाली, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में रेल चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।



सुबह करीब 10 बजे कजरा क्षेत्र के ग्रामीण स्टेशन परिसर के बाहर एकत्र हुए और शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय निवासी राजीव कुमार, रोहित कुमार एवं अन्य ग्रामीणों ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कजरा स्टेशन पर पहले जिन महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव होता था, उन्हें बंद कर दिए जाने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों तथा मरीजों को दूसरे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी एवं स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया। आरपीएफ यार्ड पोस्ट जमालपुर के सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा, रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार,रेलवे ट्रैफिक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सहित स्थानीय पुलिस बल तथा रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। पूरे प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही तथा रेल परिचालन सामान्य रूप से संचालित होता रहा। करीब तीन घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद दोपहर एक बजे रेलवे प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच विस्तृत बातचीत हुई। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक कजरा एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर जमालपुर ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों को उच्च रेलवे अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा तथा आवश्यक स्तर पर विचार कराया जाएगा।आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

# केसरिया स्थित बौद्ध स्तूप में विकास कार्यक्रम का सांसद ने किया निरीक्षण

## भाजपा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रगति पत्र यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'प्रगति पथ यात्रा' कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने केसरिया स्थित विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप एवं इसके आस-पास चल रहे विकास कार्यो का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार और बिहार सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में केसरिया बौद्ध स्तूप को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए कई महत्वपूर्ण बुनियादी और ढांचागत विकास कार्य किए हैं। स्तूप परिसर के ठीक सामने एक अत्याधुनिक पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण किया गया है, जहां आगंतुकों को बौद्ध धर्म से जुड़ी जानकारियां मिलती हैं। दूर-दराज और विदेशी पर्यटकों के ठहराव के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 8 कमरों वाला गेस्ट हाउस और एक बड़ा कैफेटेरिया क्षेत्र विकसित किया गया है।श्री सिंह ने कहा कि मुख्य स्तूप के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए, परिसर में ही मूल स्तूप के 25 प्रतिशत आकार की एक खूबसूरत प्रतिकृति बनाई जा रही है ताकि पर्यटक इसकी पूरी वास्तुकला को करीब से समझ सकें। उत्खनन से प्राप्त प्राचीन अवशेषों को प्रदर्शित करने के लिए एक संग्रहालय और बैठकें आयोजित करने के लिए मीटिंग हॉल का निर्माण किया जा रहा है।इस स्थल को बिहार के प्रमुख बौद्ध सर्किट से जोड़ा गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों के लिए यहाँ पहुंचना आसान हो गया है। पटना, मुजफ्फरपुर और मोतिहारी जैसे प्रमुख शहरों से केसरिया तक की सड़कों को चौड़ा और सुगम बनाया गया है। इन निरंतर प्रयासों के कारण ही केसरिया आज जापान, चीन, ताइवान, नेपाल और भूटान जैसे देशों के बौद्ध भिक्षुओं और विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। वहीं श्री सिंह केसरिया विधानसभा अंतर्गत केसरिया में भाजपा केसरिया द्वारा आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम संबोधित किया। मौके पर बिहार मछुआरा आयोग के अधक्ष ललन सहनी, जिलाध्यक्ष भाजपा पवन राज, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, केसरिया विधानसभा संयोजक आनंद सिंह, राकेश रौशन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# दुर्घटना की आशंकाओं को न्यूनतम करने को लेकर शंटिंग मेला आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे द्वारा सुरक्षा जागरूकता और तकनीकी नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जमालपुर में शंटिंग मेला का आयोजन सहायक परिचालन सुरक्षा प्रबंधन नंदकिशोर शर्मा के नेतृत्व में किया गया।शंटिंग मेला उपस्थित कर्मचारियों को मालगाड़ियों और यात्री डिब्बों की शंटिंग के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। परिचालन प्रबंधक ने शंटिंग मेला और सेफ्टी से जुड़ी मुख्य बातों को बताते हुए रेल परिचालन को सुचारू और दुर्घटना-मुक्त बनाने पर जोड़ दिया।रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शंटिंग कार्यों से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं,परिचालन संबंधी चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान यार्ड में सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करने पर विशेष भी जोर दिया गया। रेलवे परिचालन की सफलता में शंटिंग कार्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यार्ड में ट्रेनों और कोचों की सुरक्षित आवाजाही, समयबद्ध संचालन तथा बेहतर समन्वय से ही रेल सेवाओं को सुचारु रखा जा सकता है।उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा किसी भी परिस्थिति में लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दी। यार्ड में कार्य करते समय अपनाई जाने वाली सावधानियों, संकेतों की सही जानकारी, संचार व्यवस्था की मजबूती तथा तकनीकी पहलुओं के बारे में भी बताया गया। मौके पर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, सुजीत गुप्ता, शांतनु कुमार सहित शंटिंग मास्टर, लोको पायलट और अन्य परिचालन कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### बापूधाम रेलवे स्टेशन के निर्माणधीन कार्यो का आज सांसद करेगे निरीक्षण

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'प्रगति पथ यात्रा' कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह कल सुबह 9 बजे निमार्णाधीन विश्वस्तरीय बापूधाम रेलवे स्टेशन पर निरक्षण एवं निर्माण कार्य का अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात सुबह 10 बजे महात्मा गांधी ऑडिटोरियम में मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ







**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिसवन प्रखंड क्षेत्र के मेहंदार कमलदाह सरोवर के पूर्वी भिंडा स्थित श्री विष्णु मंदिर परिसर में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं कन्याओं ने हाथ और सिर पर कलश धारण कर प्रसिद्ध बाबा महेंद्रनाथ मंदिर मेहंदार की परिक्रमा की तथा मेहंदार की पावन भूमि का भ्रमण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा श्री विष्णु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पवित्र कमलदाह सरोवर पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ जल भरकर कलश स्थापित किए गए। इसके बाद यज्ञ मंडप में पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। महायज्ञ के व्यवस्थापक एवं श्री विष्णु मंदिर के महंत श्री शिवपूजन जी महाराज, यजमान प्रो. जगदीश तिवारी, यज्ञाचार्य पंडित अजीत कुमार मिश्र, आचार्य आशुतोष कुमार पांडेय, पंडित आदित्य पाठक, पंडित संजीत कुमार मिश्र, अनमोल कुमार मिश्र आदि ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वेदपाठ, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। वहीं प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथा व्यास श्री शिवपूजन जी महाराज द्वारा किया जाएगा। यज्ञाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस महायज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि तथा आध्यात्मिक चेतना का संचार होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए फ्रकाश, पंडाल, पेयजल, प्रसाद वितरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। कलश यात्रा में महंत श्री शिवपूजन जी महाराज, सुदामा तिवारी, कमलेश कुमार सिंह, प्रो. जगदीश तिवारी, टुनटुन गिरि, भुवनेश्वर महतो, पशुपति गिरि, सूर्यनंदन शाही, मंजीत कुमार तिवारी, कमल कुमार सिंह सेंगर, विमलेश कुमार सिंह, रमेश गिरि, गुराजी महतो, अनिरुद्ध यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आसपास के गांवों से आए महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे। बहरहाल, महायज्ञ के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। वहीं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# उद्घाटन के आधे घंटे बाद ही सिमट गया जन कल्याण शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर" हसपुरा में अधिकारियों की उदासीनता और पर्याप्त प्रचार-प्रसार के अभाव में अपनी मंशा के अनुरूप सफल नहीं हो सकी। मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर का उद्घाटन होने के महज आधे घंटे बाद ही इसका उत्साह ठंडा पड़ गया और ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न काउंटरों का चक्कर लगाते रहे। बिहार सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देने के उद्देश्य से प्रखंड मुख्यालयों एवं पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में 16 जून से 18 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित करने का




कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। मंगलवार को दोपहर 12 बजे डीटीओ सुनंदा कुमारी, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीडीपीओ ओनम, संयुक्त निबंधक अनुप्रिया, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना तथा उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। बिहार गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हालांकि उद्घाटन के लगभग आधे घंटे बाद ही अधिकांश अधिकारी डिंडीर एवं मलहारा में आयोजित अन्य शिविरों के लिए रवाना हो गए। अधिकारियों के जाने के बाद शिविर में लगाए गए कई विभागीय काउंटर भी खाली हो गए। समय पर व्यापक सूचना प्रसारित नहीं होने के कारण शिविर में ग्रामीणों की संख्या पहले से ही कम थी। वहीं, संबंधित कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण पहुंचे लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। सबसे अधिक संख्या में ग्रामीण राशन कार्ड बनवाने एवं उसमें नाम जोड़वाने की समस्या लेकर पहुंचे थे, लेकिन इसके लिए निर्धारित काउंटर की जानकारी नहीं मिलने से उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ा। ग्रामीण कभी हेल्प डेस्क तो कभी अन्य काउंटरों का चक्कर लगाते रहे। मौआरी गांव की रामकली देवी और मिंटू देवी, हसपुरा की सुनीता देवी तथा नरसन गांव की कविता कुमारी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर शिविर में आई थीं, लेकिन न तो उनकी बात सुनने वाला कोई कर्मचारी मिला और न ही उनकी समस्या का निस्तारण हो सका। शिविर की शुरुआत में मनरेगा पीओ राजेश कुमार चौधरी, कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार, दिवेंद्र कुमार समेत बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग और जीविका सहित कुल 17 काउंटरों पर पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। किंतु दोपहर दो बजे के बाद अधिकांश काउंटरों से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी गायब हो गए। स्थिति यह रही कि दोपहर तीन बजे तक शिविर स्थल पर लगी अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी थीं। ग्रामीणों का कहना था कि जब उनकी समस्याएं सुनने और समाधान करने वाला कोई नहीं था, तो शिविर में रुकने का कोई औचित्य नहीं रह गया। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि आम लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए "प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर" की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी निगरानी और जवाबदेही कब तय होगी।

# शिविर के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का कराएं समाधान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद। जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कर्मा भगवान पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कर्मा भगवान में विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर अंचलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा अपने स्वागत अभिभाषण में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि इस सहयोग शिविर के लिए हम लोग एक माह पहले से आवेदन प्राप्त कर रहे हैं तथा आज तक कुल 134 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी का आवेदन या कोई समस्या शेष रह गया हो तो आज आयोजित शिविर में स्थापित काउंटर पर जाकर आवेदन प्रस्तुत करें, जिसका निष्पादन 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। अपने संबोधन में सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को इस प्रकार के संयुक्त सहयोग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पंचायत स्तर पर ही लोगों की शिकायतें सुनी जाएं तथा उनका यथासंभव त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सब आपके द्वार पर पहुँचकर आपकी समस्याओं का समाधान करते हैं। हमारी कोशिश होती है कि शिविर के माध्यम से जितने भी आवेदन प्राप्त होते हैं, उन सभी आवेदनों का निष्पादन कर सहयोग शिविर के दिन ही आपको सौंप दिया जाए।

## एक नजर

### 14 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । मद्य निषेध थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हसपुरा प्रखंड के चनहट निवासी 19 वर्षीय लवकुश कुमार, पिता किशोरी चौधरी के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसपुरा प्रखंड के चनहट पुल के पास गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान काले कपड़े में बांधकर ले जाई जा रही सात लीटर चुलाई शराब बरामद हुई। वहीं वाहन की डिक्की से भी सात लीटर चुलाई शराब बरामद की गई। कार्रवाई का नेतृत्व मद्य निषेध थाना के सहायक अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने किया। पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर शराब जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### 21 जून को लगेगा योग शिविर

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर परिषद क्षेत्र स्थित शिवाला मंदिर बम रोड में 21 जून को योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर तैयारी है। योग शिविर का संचालन योग गुरु बृजमोहन शर्मा, नन्दकुमार एवं सोनालाल के सानिध्य में किया जाएगा। शिविर में लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी जाएगी। नगर परिषद सदस्य सोनी देवी ने बताया कि योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से कई बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में नगर परिषद क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योग कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है।

### दो वारंटी गए जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने सिहदा गांव निवासी मिथिलेश दास एवं शिव शंकर दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से उक्त दोनों के विरुद्ध वारंट निर्गत था।जिन्हें बहुत दिनों से तलाश की जा रही थी। काफी दिनों से इनकी तलाश की जा रही थी। अचानक घर पर होने की सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर उनके घर छापामारी की गई तथा गिरफ्तार कर थाना लाया गया। कागजी कार्रवाई उपरांत औरंगाबाद न्यायालय अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया।

### डायन बता कर मारपीट में महिला घायल, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** डायन बताकर महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में खरोखर गांव के धर्मेंद्र मिस्त्री की पत्नी रिंकी देवी ने गांव के ही सोनू कुमार साव एवं इसके पिता मोहन साव को नामजद आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।तथा मामले की तहकीकात की जा रही है।

### युवती के गायब होने पर मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के गायब होने पर युवती की मां ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कर बरामद करने के लिए गुहार लगायी है। युवती के मां ने आवेदन में कहा है कि मेरी 24 वर्षीया लड़की 5 जून को ही दिन में लगभग 2:00 बजे घर से कह कर निकली कि अपने बहन के घर जा रही है। जब 7:00 बजे बड़ी लड़की के मोबाइल पर फोन करके पूछा तो वह बताई कि मेरे घर नहीं आई है। लड़की के मोबाइल पर लगातार फोन कर रहे हैं। किंतु स्विच ऑफ बता रहा है। कई रिश्तेदारों एवं संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन किया। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा युवती की तलाश करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम में प्रियांशु का चयन

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड क्षेत्र के ललारो गांव निवासी क्रिकेट खिलाड़ी प्रियांशु राज का बिहार अंडर- 19 टीम में चयन होने पर क्रिकेट खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया है। खेल प्रेमियों ने प्रियांशु के चयन होने पर चयन समिति का आभार जताया है। साथ ही प्रियांशु के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि प्रियांशु साधारण परिवार से है। वह एक प्रतिभाशाली लड़का है। ग्वालियर में आयोजित टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के कारण प्रियांशु का चयन बिहार अंडर- 19 टीम में हुआ है। इस उपलब्धि से जिला का समस्त क्रिकेट परिवार आज गौरवान्वित है। अपनी सफलता पर प्रियांशु ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने का श्रेय वे अपने पिता कमलेश सिंह सहित अन्य परिजनों व दोस्तों को दिया है। वहीं कमलेश सिंह ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में प्रियांशु राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का परचम लहराएगा।

### 1763 बीपीएल घरों में लगेंगे पीएम सूर्य सोलर पैनल

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के पांच पंचायतों में बीपीएल कनेक्शन धारी विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए सोलर पैनल सहमति पत्र के आलोक में मुफ्त में पीएम सूर्य घर सोलर योजना के तहत सोलर पैनल लगाए जाएंगे जिससे लोगों का विधुत अधिभार से मुक्ति मिलेगी। विद्युत विभाग मदनपुर आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य 1763 निर्धारित की गई है जिसके विरुद्ध सर्वे का कार्य किया गया है। सर्वे के दौरान 746 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन विधुत विभाग को समर्पित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रखंड के पांच पंचायत दधपी में 291, एरकीकला में 359, खिरियावां में 608, घटराईन में 314 एवं दक्षिणी उमगा में 191 घरों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक प्राप्त आवेदन विभाग को भेज दिया गया है। विभाग से चिन्हित एजेंसी को आवेदन के आधार पर सोलर पैनल लगाए जाने के लिए आदेश निर्देश दिया जाएगा। एजेंसी द्वारा सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

# कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मटपा पंचायत अंतर्गत पोला गांव में मंगलवार को नौ दिवसीय 'मां देवी सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ' का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन आयोजित भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं का जत्था पोला गांव से निकलकर कल्पवृक्ष धाम के समीप बटाने नदी तट पहुंचा, जहां वाराणसी और अयोध्या से आए विद्वान धर्माचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र जलभरी कर कलश यात्रा के साथ यज्ञ मंडप में पहुंचकर वैदिक रीति-रिवाज से कलश स्थापना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि महायज्ञ क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन देश के प्रसिद्ध संतों और विद्वानों के प्रवचन होंगे। अयोध्या धाम से पधारीं कथा वाचिका आराधना शास्त्री प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन करेंगी। इसके बाद रात्रि 10:30 बजे से मध्यरात्रि 2 बजे तक रासलीला का आयोजन होगा। महायज्ञ का संचालन यज्ञाधीश ज्योतिषाचार्य पं. श्रीराम बाबा एवं यज्ञाचार्य रजनीश पाण्डेय के सानिध्य में किया जा रहा है। समिति के अनुसार, 22 जून को महापूर्णाहुति और 23 जून को विशाल भंडारे एवं विसर्जन के साथ महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह, सचिव मुन्ना सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार उर्फ टुटू सिंह सहित पोला एवं आसपास गांव के ग्रामीण सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

# 'विकसित भारत समृद्ध बिहार' अभियान के तहत ब्लॉक परिसर एवं दो पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विकसित भारत समृद्ध बिहार" अभियान के तहत रफीगंज प्रखंड परिसर के बहुद्देश्यीय भवन एवं बौर, पोगर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 22 काउंटर लगाए गए, जहां आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, बीडीओ कुमार अश्विनी तथा बौर एवं पोगर पंचायत में वरीय उप समाहर्ता, सीओ भारतेंदु सिंह, बीपीआरओ सह बीइओ अमर कुमार उपस्थित रहे।इसके सभी विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बीपीआरओ ने बताया कि पूर्व से प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया तथा आज के शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह



के अंदर किया जाएगा। शिविर में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल विभाग औरंगाबाद के सहायक अभियंता कौशल कुमार, प्रखंड आपूर्ति विभाग के कार्यपालक सहायक, बिजली विभाग के सहायक अभियंता अशोक राज एवं पौथु जेई रविशंकर कुमार, आंगनबाड़ी विभाग की महिला पर्यवेक्षक दुर्गावती कुमारी एवं जिज्ञासा कुमारी उपस्थित रही। इसके अलावा जीविका के बीपीएम संतोष कुमार, मनरेगा विभाग के तकनीकी सहायक गौतम कुमार, श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर संतोष कुमार, पेंशन विभाग की डाटा ऑपरेटर शिवानी कुमारी, बैंकिंग विभाग के डाटा ऑपरेटर नीरज कुमार, आवास विभाग के आवास पर्यवेक्षक अमित कुमार, कृषि विभाग की कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. केसरी कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह तथा लोहिया स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य योजनाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका ऑन-द-स्पॉट समाधान करने का प्रयास किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बौर पंचायत के मुखिया, पोगर के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर अंबा थाना में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को अंबा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष राहुल राज ने की, जबकि इसमें प्रखंड प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, समय-सीमा, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, साफ-सफाई एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी अखाड़ा समितियों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा बिना अनुमति जुलूस मार्ग में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें और किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, सद्भाव और शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए मोहर्रम पर्व को परंपरागत तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

## सहयोग शिविर बना समाधान का माध्यम


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन, डीहरी में आयोजित सहयोग शिविर में हरिना बिगहा के छह ग्रामीणों द्वारा गांव एवं उनके घरों तक विद्युत पोल एवं तार लगाकर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। विद्युत विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का सफलतापूर्वक समाधान कर दिया गया। विद्युत सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उपरांत आवेदकों को सहयोग शिविर के माध्यम से उनके आवेदन के निष्पादन का प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। सहयोग शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे शासन-प्रशासन और जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूती मिल रही है।

# प्रधानमंती आवास एपीके ऐप खोलते ही उड़ाए 75 हजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से एपीके ऐप का लिंक क्लिक करते ही बैंक खाता को खाली करते हुए 75 हजार रुपया उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में रफीगंज थाना क्षेत्र के कर्मा मसूद गांव निवासी उदय कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि मेरे व्हाट्सएप अकाउंट पर एक प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से एपीके एप आया था। और हमने उस ऐप को खोलकर लॉगिन किया तो मेरा फोन हैक हो गया।और मेरे खाते से अवैध निकासी होता रहा। तथा लगातार खाता से पैसा कटने का मैसेज आने लगा। तब खाता चेक किया तो पाया कि मेरा खाता से करीब 75000 का अवैध



निकासी कर लिया गया।तब मैं अपने बेटे राहुल कुमार को बताया राहुल ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराया। उक्त नंबर पर शिकायत दर्ज करने के उपरांत फ्राड कर मेरे एकाउंट से जिस खाता में 75 हजार रुपया गया है उस खाता को बैंक से संपर्क कर 61359 पर होल्ड लगाया गया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# विजन आईटी कॉलेज में 'शिक्षा संकल्प यात्रा' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पटना रोड स्थित विजन आईटी कॉलेज (विजन ग्रुप संस्थान) के प्रांगण में राज्यव्यापी 'शिक्षा संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया। विजन संस्थान के निदेशक अरविंद कुमार ने मुख्य 'शिक्षा संकल्प यात्री' निमेष शुक्ला और उनकी पूरी टीम का पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने शिक्षा के स्तर को सुधारने और छात्रों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे इस राज्यव्यापी कार्यक्रम के लिए निमेष शुक्ला का विशेष रूप से धन्यवाद किया। कहा कि निमेष शुक्ला द्वारा संचालित यह शिक्षा संकल्प यात्रा एक अत्यंत सराहनीय और ऐतिहासिक पहल है। विद्यार्थियों को न सिर्फ नई दिशा मिलेगी, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए बहुत बड़ा लाभ होगा। विजन संस्थान आगे भी भविष्य में होने वाले अपने विभिन्न कार्यक्रमों में निमेष को आमंत्रित करता रहेगा। निमेष शुक्ला ने कहा कि मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि केवल लक्ष्य बना लेना ही काफी नहीं है, बल्कि उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रटने के बजाय गहरी समझ विकसित करना और पूर्ण अनुशासन के साथ नियमित अध्ययन करना बेहद अनिवार्य है। जब छात्र किसी विषय को रटने के बजाय समझकर पढ़ते हैं, तो उनका आधार मजबूत होता है जो उन्हें हर प्रतियोगी परीक्षा में सफल बनाता है। निरंतरता, समझ और कड़ा अनुशासन ही छात्र जीवन को सफलता की ऊंचाई पर ले जाता है।

# पात्र लाभुकों को शिविर में मिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निदेशनुसार एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को औरंगाबाद जिले के सभी प्रखंडों में "प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता एवं संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के समन्वय से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। यह जन कल्याण शिविर तीन दिन 16, 17, 18 जून 2026 को आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर स्थापित कर योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए




तथा लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई, जहां कर्मियों द्वारा आमजनों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं संबंधित काउंटर तक पहुंचने में सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टॉल संचालित कर प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच, रक्तचाप, शर्करा परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मेडिकल स्टॉल पर आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड से संबंधित गतिविधियां भी संचालित की गईं। शिविर के दौरान प्राप्त सभी आवेदन एवं शिकायतों का विधिवत पंजीकरण किया गया तथा संबंधित विभागों को समयबद्ध निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। प्राप्त मामलों के अनुश्रवण एवं शिकायत निवारण की कार्रवाई शिविर संवाद समाधान पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से आगामी शिविर दिवसों में भी अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-15, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-15। कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल- ओएचई विद्युत आपूर्ति में मज़बूती के लिए 160 वर्ग मिमी. जम्पर द्वारा अंडर साइज 105 वर्ग मिमी. जी-जम्पर एवं ड्रॉप जम्पर, आइसोलेटर जम्पर की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,80,33,244.25। **बयाना राशि:** ₹ 5,60,700। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 15.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-138/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# खनन विभाग ने की 24 लाख की वसूली, 80 वाहन जब्त

## उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी से कई माह में किए गए कार्रवाई की जानकारी ली। इस पर डीएमओ सुनील कुमार ने बताया कि खनन कार्यालय से 80 वाहनों को जब्त किया गया है। इसमें 4 एफआईआर भी दर्ज किया गया है। वहीं 24.19 लाख रुपये की वसूली की गयी है। इसी तरह जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 60 वाहनों को जब्त कर उनसे 8.91 लाख रुपये की वसूली की गयी है। इसी प्रकार हरिहरगंज में अवैध खनन एवं परिवहन से जुड़े कुल 06 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं सदर, मोहम्मदगंज एवं उंटारी रोड अंचल द्वारा शून्य वाहनों की जब्ती की गयी है। उपायुक्त श्री शेखावत ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध नियमित रूप से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने मानसून अवधि में एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए संवेदनशील बालू घाटों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि बीते दिनों हुसैनाबाद अंचल में एक बंद पड़े माइंस में एक व्यक्ति के डूबने से मौत हो गयी थी। इसी तरह की घटना दोबारा नहीं हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही गयी। उन्होंने माइंस क्लोजर रिपोर्ट का पूर्ण रूप से पालन करने की बात कही। बैठक में विभिन्न अंचलों एवं थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई, जब्ती, प्राथमिकी एवं ट्रेंच कटिंग की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों से कार्रवाई की रिपोर्ट शून्य प्राप्त हो रही है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा संबंधित पदाधिकारी सक्रिय रूप से अभियान संचालित करें। उपायुक्त ने अवैध खनन रोकने हेतु चिन्हित स्थलों पर अतिरिक्त ट्रेंच कटिंग कराने, अस्थायी चेकनाका को सुदृढ़ करने, सीसीटीवी अधिष्ठापन एवं रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोड वाहनों एवं बिना ई-ट्रांजिट चालान के परिवहन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एसपी कपिल चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालमुकुंद फैक्ट्री के खिलाफ आंदोलन फिर होगा तेज, विभिन्न संगठनों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बालमुकुंद फैक्ट्री से मजदूरों की छंटनी, औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण, स्थानीय युवाओं को रोजगार और विस्थापितों के अधिकारों सहित विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले, असंगठित मजदूर मोर्चा एवं अखिल भारतीय किसान महासभा ने सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 14 मई से 25 मई तक बिमलपुर टीकरी में क्रमिक धरना-प्रदर्शन किया गया था। आंदोलन के दौरान प्रशासन के साथ हुई वार्ता में फैक्ट्री प्रबंधन को स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद 26 मई को प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के आधार पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया था।संगठनों का आरोप है कि फैक्ट्री का पूर्व वार्षिक मेंटेनेंस कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक मजदूरों की बहाली, स्थानीय रोजगार और प्रदूषण नियंत्रण जैसे मुद्दों पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है ज्ञापन में प्रमुख रूप से स्थानीय युवाओं को रोजगार की गारंटी, छंटनी किए गए मजदूरों की वापसी, फैक्ट्री में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाने, फ्लाई ऐश और जहरीले धुएं से प्रभावित कृषि भूमि की जांच तथा किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई है इसके अलावा संगठनों ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई। वनाधिकार कानून के तहत भूमिहीन गरीबों और आदिवासियों को वन पट्टा देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासनिक आश्वासनों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर पुनः लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया जाएगा ज्ञापन पर भाकपा माले, अखिल भारतीय किसान महासभा एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं।

# सहयोग शिविर में डीएम एवं एसएसपी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भागलपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के शाहकुण्ड प्रखंड अंतर्गत अम्बा पंचायत में आज आयोजित सहयोग शिविर में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरिय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने भाग लेकर आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस शिविर में उपस्थित जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित जिला तथा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के समक्ष बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं, सुझावों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान प्राप्त कुल 27 आवेदनों में से 24 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की शिकायतों एवं सुझावों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा, आज अम्बा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किया गया है। मैं, एसएसपी साहब, जनप्रतिनिधिगण, बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड स्तर के सभी अधिकारी यहां उपस्थित हैं। आमजनों की समस्याओं को सुना गया है। कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 24 का निस्तारण कर दिया गया है तथा शेष मामलों का भी समय पर समाधान किया जाएगा। यह शिविर आम लोगों की सुविधा और सहयोग के लिए है। मैं सभी नागरिकों से अनुरोध करता हूं कि किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव अथवा मांग होने पर सहयोग पोर्टल पर आवेदन अपलोड करें, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी व्यक्ति को पुलिस से संबंधित कोई समस्या हो अथवा किसी प्रकार की सूचना देनी हो तो वह आपातकालीन सेवा 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है। पत्रकारों द्वारा सहयोग पोर्टल एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों की जागरूकता के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है।

# पुल एवं सड़क निर्माण कार्यों का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह प्रखंड की खावां पंचायत में मंगलवार को बहुप्रतीक्षित विकास योजनाओं का लोकार्पण किया गया। ग्राम जगमनरायडीह एवं खावां के बीच खावां नदी पर निर्मित पुल तथा मुख्य राजमार्ग से आर.ई.ओ. रोड होते हुए पंचायत भवन खावां तक निर्मित सड़क का उद्घाटन गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नावाडीह में बासदेव कोल के घर से टिटोया तक निर्मित सड़क का भी लोकार्पण किया गया खावां नदी पर बने पुल की लंबाई 58.08 मीटर है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 286.06 लाख रुपये की थी, जबकि एकरारनामा राशि 238.33 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गिरिडीह द्वारा संचालित यह कार्य 14 अक्टूबर 2024 को प्रारंभ हुआ था और निर्धारित समय से पहले 11 अप्रैल 2026 को पूर्ण कर लिया गया पुल का निर्माण आधुनिक तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया है। इसमें दो एबटमेंट, दो पियर तथा तीन डेक स्लैब बनाए गए हैं। पुल की कुल चौड़ाई 8.45 मीटर तथा कैरिज-वे की चौड़ाई 7.5 मीटर है, जिससे आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा। उद्घाटन समारोह में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने फीता काटकर परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पुल निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषकर बरसात के मौसम में नदी पार करने की समस्या समाप्त होगी और लोगों को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के समय एवं संसाधनों की बचत होगी। ग्रामीणों ने पुल एवं सड़क निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इन योजनाओं से क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# जिलास्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम बैठक में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने पांकी, मनातू, पीपराटांड़, छत्तरपुर, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष एवं प्रभावी रूप से चेकिंग चलाने की बात कही। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य में कहीं भी नशे के अवैध कारोबार पर पूर्ण रूप से रोक लगाया जाये। उन्होंने जिले के बाहर को जाने वाली सड़कों पर भी लगातार अभियान चलाने की बात कही। इसी तरह रेल मार्गो पर भी विशेष नज़र रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग भी नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री में शामिल है, वैसे लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। इसी प्रकार उपायुक्त द्वारा शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षण संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानों की जानकारी ली गयी। बताया गया कि एक स्कूल के समीप लाइसेंसधारी शराब दुकान का संचालन किया जाता है। इसपर डीसी ने उक्त दुकान के बाहर एक जागरूकता पोस्टर लगाने के निर्देश दिये। पोस्टर में स्पष्ट रूप से यह बात लिखने पर बल दिया गया कि स्कूली बच्चों या 18 वर्ष के नीचे आयु के युवाओं को शराब नहीं बेची जाएगी।वहीं डी-अडीकशन सेंटर खोलने को लेकर आने वाली सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करते हुए इसे जल्द से जल्द क्रियाशील करने की बात कही। उन्होंने इसके लिये जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित रखने पर बल दिया।

### अफीम व गांजे के विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : एसपी

बैठक में एसपी कपील चौधरी ने थाना प्रभारी से जिले में अफीम व गांजे के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को थाना क्षेत्र के एक सार्वजनिक स्थान एवं स्कूलों में भी जागरूकता अभियान चलाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इसके अलावे अंतर विभागीय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। मौके पर उपरोक्त के अलावे सदर एसडीओ,शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# 39 आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण, उद्घाटन और समीक्षा की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया तथा अधिकारियों को जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए कार्यक्रम के तहत गिरिडीह प्रखंड स्थित खावा जगमनरायडीह पुल निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि पुल निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और पुल संपर्क किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला होते हैं। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी तथा लोगों को स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक समय पर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।विधायक एवं उपायुक्त ने बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, दवा उपलब्धता, प्रसव कक्ष, वार्डों की साफ-सफाई तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आम जनता को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं निरीक्षण के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर डॉ. बिमल कुमार, प्रमिला मेहरा, स्मृता कुमारी, बेंगाबाद प्रमुख आदि थे।

# विकास कार्यों में भागीदारी को लेकर आदिवासी समाज का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में स्थानीय आदिवासी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने और जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में पारंपरिक ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जहां पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन के नेतृत्व में करीब 300 ग्रामीण पारंपरिक तीर-धनुष के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और स्थानीय लोगों की उपेक्षा, भूमि संबंधी मामलों तथा विकास योजनाओं में भागीदारी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो पोटका विधानसभा क्षेत्र में बृहद जनसभा और महापंचायत आयोजित कर लोकतांत्रिक आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन के नेतृत्व में पोटका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे करीब 300 ग्रामीणों और पारंपरिक ग्राम प्रधानों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि पोटका क्षेत्र में संचालित कई विकास कार्यों में स्थानीय मांझी बाबा, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि धुमकुड़िया भवन, रंकिनी मंदिर परिसर समेत विभिन्न निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने सीएनटी-एसपीटी एक्ट, पेसा कानून के अनुपालन, अवैध माइनिंग तथा जल, जंगल और जमीन पर बढ़ते खतरों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। दुखनी सोरेन ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और जल-जंगल-जमीन से है। विकास के नाम पर स्थानीय लोगों को दरकिनार करना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि सभी विकास कार्यों में स्थानीय युवाओं, ग्रामीणों और पारंपरिक ग्राम प्रधानों की भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को 15 दिनों का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो पोटका विधानसभा क्षेत्र में बृहद जनसभा और महापंचायत आयोजित कर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी।

# रामगढ़ में 'अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम' के दूसरे स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या ने जुटे आदिवासी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कोयलांचल क्षेत्र उरीमारी के महात्मा गांधी स्टेडियम में आज अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के दूसरे स्थापना दिवस पर करीब एक दर्जन राज्यों के आदिवासियों ने शिरकत किया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासियों के विभिन्न राज्यों के स्वतंत्रता सेनानियों के लगे तस्वीरों पर माल्यार्पण के साथ आदिवासी नृत्य एवं संगीत के साथ शुरू हुआ। इस क्रम में बाबा तिलका मांझी, सिद्धू कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो, शिबू सोरेन आदि के चित्र पर मुख्य अतिथियों ने माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कु एवम सचिव दसई किस्कू का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी आदिवासियों से यह गुजारिश किया कि आदिवासी समाज अब एक होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई पूरे देश में लड़ेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास को लेकर केंद्र एवम राज्य की सरकारों को यह बताना है कि अब आदिवासी समाज अपने हक के लिए जाग चुका है। अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष बिनोद किस्कु ने बताया कि समाज की संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए पूरे देश के आदिवासी यहाँ दूसरे स्थापना दिवस पर जुटे हैं और समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं। अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के सचिव दसई किस्कू ने बताया कि हमारा यह कोलांचल क्षेत्र आदिवासी बहुल है और आज के स्थापना दिवस को हम लोग संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं ताकि हमारे समाज का उत्थान हो और अपनी भाषा संस्कृति को हम बचाए रखें। इस कार्यक्रम में बिहार राज्य आदिवासी समाज के अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे समाज में पिछड़ रहे आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक के साथ शैक्षणिक मुद्दे से लोगों को जोड़कर आगे बढ़ाना है। मौके पर इस कार्यक्रम में पहुंचे असम प्रदेश के अध्यक्ष ने बताया कि हमारे संथाल समाज के लोग देश के सभी जगहों में अलग-अलग तरीके से रह रहे हैं यह मंच उन सब को एक जगह लाना है।

# इंटरसिटी पकड़ने जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरिया हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में सरिया थाना क्षेत्र के बागोडीह निवासी 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामजी पासवान (35), पिता बासुदेव पासवान, निवासी बागोडीह के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजी पासवान रोज की तरह मंगलवार सुबह कोडरमा स्थित अपने कार्यस्थल जाने के लिए घर से निकले थे। वे नियमित रूप से हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी ट्रेन पकड़कर कोडरमा जाया करते थे। सुबह करीब 7 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-3 के समीप यह हादसा हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रामजी पासवान संभवतः प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर खड़ी इंटरसिटी ट्रेन से उतरने के बाद प्लेटफॉर्म संख्या-3 की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डाउन लाइन से गुजर रही एक तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की। प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, क्योंकि उनके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला था। बाद में स्थानीय लोगों और परिजनों की सहायता से उनकी पहचान रामजी पासवान के रूप में हुई।

# जिला प्रोबेशन अफसर और कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**रामगढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग की टीम ने रामगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रोबेशन ऑफीसर सिमरन कुमारी और कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत पासवान को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल बड़की पोना निवासी आवेदक त्रिदेव कुमार ने एसीबी को शिकायत की थी कि सरकार द्वारा मिलने वाली 5 लाख रुपए की अनुदान राशि के सत्यापन के ऐवज में प्रोबेशन ऑफीसर और कंप्यूटर ऑपरेटर की तरफ से घूस मांगी जा रही है। कहा जा रहा था कि रिश्वत नहीं देने पर काम नहीं होगा। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसीबी की टीम ने पहले सूचना का सत्यापन किया। सूचना सत्य पाए जाने के बाद जाल बिछा कर ऑपरेटर को पीड़ित से 5 हजार रुपये नगद लेते हुए दबोचा, जिसके बाद मुख्य आरोपी प्रोबेशन ऑफिसर को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# सोमवती अमावस्या पर सुहागिनों ने रखा व्रत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर भगवान शिव, माता पार्वती एवं पीपल वृक्ष की पूजा की तथा विभिन्न मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।क्षेत्र के शिव मंदिरों, देवी मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने परिवार की खुशहाली, संतान की उन्नति तथा घर-परिवार में सुख-शांति की कामना की। कई स्थानों पर सुहागिनों ने पीपल वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत कथा का श्रवण किया। सोलह श्रृंगार से सुसज्जित महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए अपने दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। इस दिन व्रत एवं पूजा करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। मान्यता है कि पीपल वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है, इसलिए इस दिन पीपल की पूजा और परिक्रमा का विशेष महत्व है।

# अब दफ्तर नहीं, गांवों में हो रहा समाधान

## प्रभारी सचिव ने मुसहरी, बोचका अंतर्गत पंचायत/प्रखंडस्तरीय शिविरों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर मंगलवार को 23 स्थलों पर आयोजित सहयोग शिविर लोगों के बीच भरोसे का माध्यम बना। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग के सचिव-सह- जिला प्रभारी सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिले के मुशहरी, बोचहा प्रखंड अंतर्गत पंचायत क्रमशः बडा जग्रनाथ, नरकटिया, तथा बोचहा प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर का निरीक्षण किया। बड़ा जगन्नाथ स्थित पंचायत भवन में आयोजित शिविर में कुल 477 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 95 मामले का निष्पादन ऑन स्पॉट किया गया तथा 382 मामले शेष हैं। वहीं दूसरी ओर प्रखंड परिसर बोचहा मे आयोजित प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 25 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया तथा 95 आवेदन शेष हैं। बोचहा प्रखंड के पंचायत भवन नरकटिया मे आयोजित शिविर में 152 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 62 निष्पादित तथा 90 आवेदन शेष रहे। प्रभारी सचिव ने जिला पदाधिकारी को शेष सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन कर आवेदक को अवगत कराने का निर्देश दिया। शिविर में मूलतः राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, मनरेगा, जीविका, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, सहकारिता विभाग, कल्याण विभाग, पंचायती राज, आईसीडीएस पीएचईडी, विद्युत एवं अन्य योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाये गये। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर के द्वारा प्रशासन जनता के द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुन रही हैं तथा उसका निवारण कर रही है। उन्होंने लोगों की समस्याओं के वास्तविक निवारण की आवश्यकता पर बल दिया।

**शिविर में लाभुकों से संवाद कर लिया फीडबैक**

प्रभारी सचिव ने शिकायतकर्ताओं एवं लाभार्थियों से भी सीधा संवाद किया और उनसे फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की खुले मन से सराहना की। लोगों ने कहा कि पहली बार प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रही है और त्वरित समाधान भी कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादन किया जाए। निर्धारित समयसीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। शिविर में विधायक बेबी कुमारी, मुखिया ललिता देवी, जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी तुषार कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी मुसहरी, बोचहा, आदि उपस्थित रहे।

**अब तक 16540 आवेदन हुए प्राप्त**

19 मई से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में अब तक 16540 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 14489 मामलों का निष्पादन किया गया है तथा 897 आवेदन नियमानुसार स्पष्ट नहीं रहने के कारण अस्वीकृत किया गया है।

**आगामी सहयोग शिविर**

30 जून को 23 पंचायत में, 7 जुलाई को 47 पंचायत में, 21 जुलाई को 47 पंचायत में, 11 अगस्त को 47 पंचायत में, 25 अगस्त को 47 पंचायत में, 8 सितंबर को 47 पंचायत में, 22 सितंबर को 46 पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# जनसहयोग शिविर में राशन कार्ड, पेंशन व जलजमाव, बिजली समस्या पर हुई सुनवाई

## प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत नावकोठी में मंगलवार को जनशिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से जनसहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों की सुनवाई की गई तथा उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, रसीद निर्गत करने, जलजमाव की समस्या, बिजली विभाग तथा वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। डीटीओ सह

**आम लोगों तक पहुंचाए जाएंगे योजनाओं के लाभ**

नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि पूर्व में विभिन्न विभागों से 58 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 31 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं मंगलवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से लगभग 40 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सुनवाई एवं निष्पादन के लिए सौंप दिया गया है, जिनका निपटारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। आज के शिविर में नल जल योजना, आवास योजना एवं बिजली विभाग से संबंधित ज्यादा संख्या में आवेदन आया हैं। जिसको संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को सौंप दिया गया है। मौके पर प्रभारी बीडीओ सह अंचलाधिकारी सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा, सीडीपीओ रश्मि कुमारी, बिजली विभाग के कनीय अभियंता विमल कुमार साहा, प्रवीण कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, एमओ मनोज कुमार, बीएओ रौशन कुमार, स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, बीपीएम रौशन कुमार, एसआई अबोध कुमार, एसआई विश्वजीत कुमार, जिला संसाधन सेवी राहुल कुमार, एलएस सुनीता कुमारी, शंकर राय, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, कार्यपालक सहायक किशोर कुमार सहित बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित थे।

# जनकल्याण शिविर से वंचित लाभार्थियों तक पहुंचेगी योजनाओं की सुविधा : तारकिशोर प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कटिहार।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक तारकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को कटिहार सदर प्रखंड स्थित प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में आयोजित प्रखंड सहयोग एवं जनकल्याण शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और इसी उद्देश्य से इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सोनी सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कई दिव्यांगजनों के बीच ट्राईसाइकिल एवं सहायक उपकरण (किट) वितरित किए तथा उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग की सहायक निदेशक यशस्वी कुमारी भी मौजूद थीं। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों ने अपने आवेदन जमा किए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि यह शिविर तीन दिनों तक चलेगा और इसके माध्यम से ऐसे पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया जाएगा, जिन्हें अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई कर 30 दिनों के भीतर पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि बिहार के लोगों के अधिकारों के साथ किसी प्रकार का अन्याय या हकमारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एनडीए के वरिष्ठ नेता बब्बन झा, अमित कुमार गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 24 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन

## बभनगामा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में डीएम ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** राज्य सरकार के निर्देश तथा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मंगलवार, 16 जून को जिले के 18 प्रखंडों की कुल 24 ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों का संचालन विभिन्न पंचायतों में नामित 24 वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में किया गया। सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का अधिकतम 10 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बरौनी प्रखंड अंतर्गत सहुरी एवं बभनगामा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सहुरी पंचायत में आयोजित शिविर में नगर विधायक कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरौनी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर से पूर्व प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा कर अधिकांश मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया गया तथा शेष मामलों पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।मंगलवार को आयोजित शिविर वाले 24 पंचायतों में अब तक कुल 1,791 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,481 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। जबकि 310 प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्रों में कुल 410 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 160 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है तथा शेष आवेदनों का भी प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी आमजनों को दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सेवाएं एवं प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए।

# विश्व बैंक की टीम ने तेघरा गौशाला बायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** विश्व बैंक की टीम ने तेघरा गौशाला में निर्मित बायोगैस प्लांट का मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में विश्व बैंक टीम के सदस्य डॉ अशोक कुमार एवं जॉली बरुआ, पशुपालन विभाग, पटना के संयुक्त निदेशक डॉ संतोष कुमार तथा सलाहकार एसएलडब्ल्यूएम- एलएसबीए आनंद कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने तेघड़ा स्थित गौशाला परिसर में स्थापित गोवर्धन सामुदायिक बायोगैस प्लांट का निरीक्षण कर उसकी क्रियाशीलता एवं संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लांट के संचालन, गैस उत्पादन, लाभार्थियों को स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति तथा जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन

**व्यवस्था की ली जानकारी**

किया। बताया गया कि इस बायोगैस प्लांट का संचालन जिले में जीविका के बढ़ते कदम सीएलएफ द्वारा किया जा रहा है। प्लांट से उत्पादित स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति वर्तमान में 22 परिवारों एवं दुकानों को की जा रही है। जिससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही प्लांट से निकलने वाली स्लरी से जैविक खाद तैयार कर स्थानीय किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन मिल रहा है और किसानों की आय में वृद्धि की संभावनाएं भी सुदृढ़ हो रही हैं। निरीक्षण दल ने प्लांट के संचालन की सराहना करते हुए इसे स्वच्छ ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं जीविका समूह के सदस्यों से प्लांट के सतत एवं प्रभावी संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) अविनाश कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) बिट्टू कुमार, जिला समन्वयक एलएसबीए विश्वजीत कुमार, जिला सलाहकार एसएलडब्ल्यूएम शशिकांत सिंह, जिला सलाहकार सीबी एवं आईसी आफताब आलम, प्रखंड समन्वयक एलएसबीए श्री नितेश कुमार सहित जीविका की टीम से बिजेन्द्र, सुश्री सोनाली एवं गौशाला की टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# युवा मोर्चा ने चलाया सफाई अभियान

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को बिक्रम विधानसभा क्षेत्र के शहीद चौक स्थित शहीद स्मारक परिसर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा पटना ग्रामीण युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन भान सिंह ने किया, जबकि संचालन जिला महामंत्री अविनाश कुमार उपाध्याय ने किया। अभियान के दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक परिसर की साफ-सफाई कर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा, श्रीराम शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, संधीर यादव, योगेश तिवारी, नीतीश कुशवाहा, अमर यादव आदि थे।

# लग्जरी कार से 6300 नशीले इंजेक्शन बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** सदर थाना क्षेत्र में हाजीपुर बाईपास पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से 6,300 नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं। इस दौरान पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो पटना से नेपाल तक नशीली दवाओं की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान कार की सीट के नीचे बनाए गए विशेष गुप्त तहखाने से तीन अलग-अलग प्रकार के कुल 6300 इंजेक्शन वायल बरामद किए गए। तस्करों ने बेहद शातिर तरीके से इन दवाओं को छिपाया था, ताकि जांच के दौरान पुलिस को भनक न लगे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आजाद अंसारी, चुम्मन राय, मो. सलीम और सोनू कुमार के रूप में हुई

**चार गिरफ्तार**

है। सभी आरोपी पूर्वी चंपारण जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ये खेप पटना के एक सप्लायर के निर्देश पर नेपाल भेजी जा रही थी, जहां इन प्रतिबंधित दवाओं को नशे के रूप में ऊंचे दामों पर बेचा जाता। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई एक बड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी रैकेट की ओर इशारा करती है। फिलहाल सभी आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य बड़े सप्लायरों और तस्करों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एमसी/डब्ल्यूसी/ब्लैंकेट सीएलएनजी/2026, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में "दो लिफाफा प्रणाली" में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** दो वर्षों के लिए बॉर्डर स्टिचिंग तथा एम्ब्रायडरी स्टिचिंग सहित कम्बल की धुलाई सफाई। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,36,95,993.93। **बयाना राशि:** ₹ 3,18,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **ठेके की अवधि:** 24 महीना। **बोली शुरू होने की तारीख:** 22.06.2026। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.07.2026 को दोपहर 1.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 06.07.2026 को दोपहर 1.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(SDAH-82/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ग्रामीणों ने आवास योजना में लापरवाही के लगाए आरोप

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड में शिविर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा तथा जन शिकायतों के निवारण को लेकर अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समस्तीपुर के अपर समाहर्ता एडीएम बृजेश कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, अंचल अधिकारी बीणा भारती, बीपीआरओ नाजिश परवीन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निभा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉ. सुमित कुमार, हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह, हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम कुमार, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, जीविका बीपीएम नीतू कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे बंधार पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी गंभीर शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। पंचायत के कई लाभुकों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कुछ बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से राशि की उगाही की गई है। शिकायत सुनने के बाद एडीएम बृजेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की दलाली या अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पात्र लाभुकों को बिना किसी आर्थिक दबाव के योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए वहीं करियन पंचायत में सहयोग शिविर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ।

# डिजिटल माइक्रो प्लान से नियमित टीकाकरण होगा अधिक प्रभावी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावकोठी में मंगलवार को स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की एएनएम, एएनएम-आर एवं आशा फैसिलिटेटरों के लिए डिजिटल माइक्रो प्लान के आंकड़ों के संधारण को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाना था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डब्ल्यूएचओ के जिला प्रशिक्षक अमरेश कुमार एवं कुमार मृत्युंजय ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन के माध्यम से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डिजिटल माइक्रो प्लान के जरिए टीकाकरण से संबंधित आंकड़ों का सही संधारण, समय पर अद्यतन और प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी, जिससे लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षकों ने स्वास्थ्य कर्मियों को डिजिटल प्रणाली के माध्यम से टीकाकरण संबंधी आंकड़ों के प्रबंधन, डेटा अपलोडिंग, रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सटीक आंकड़ों की महत्ता पर बल दिया।इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. हिमांशु, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम उषा कुमारी, बीएमईए संदीप चंद्र, एएनएम शालिनी, सीमा, लक्ष्मी, बेबी, विभा, मंचन,रीणा, नंदन सहित आशा फैसिलिटेटर रूक्मिणी, संगीता, कंचन, लक्ष्मी एवं अंजू कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# अपर समाहर्ता ने किया पब्लिक लाइब्रेरी का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिवाजीनगर।** पब्लिक लाइब्रेरी, शिवाजी नगर में आज समस्तीपुर के अपर समाहर्ता श्री ब्रजेश कुमार का आगमन हुआ। उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उघ्टग नाजिश परवीन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह तथा शिवाजी नगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार भी उपस्थित रहे आगंतुक अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह और राजन कुमार द्वारा मिथिला की पारंपरिक पाग, माला एवं चादर भेंट कर किया गया। साथ ही उन्हें स्थानीय गौरव को समर्पित पुस्तक शिवाजी नगर के कर्मवीर'' भी भेंट की गई इस अवसर पर अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस भी परीक्षा की तैयारी कर रहे हों, उसके प्रश्न बैंक एवं अध्ययन सामग्री का बार-बार पुनरावृत्ति रिवीजन करना सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम में पत्रकार सुरेश सिंह, अरविंद सिंह, राजन कुमार, संजीव कुमार सिंह, योगाचार्य डॉ. रमाकांत सिंह, विपिन कुमार पटेल, प्रिंस कुमार, किशन कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे

# भूमि विवाद में महिला समेत दो घायल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नावकोठी पंचायत में ही जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों में जमीला खातून एवं उसका पोता रहान शामिल हैं। दोनों का इलाज स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कराया गया। पीड़िता जमीला खातून ने नावकोठी थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही कलाम, सलाम, आजाद, रूकसाना, सहाना सहित दो अन्य लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सभी आरोपित जबरन उसकी जमीन पर पिलर गाड़ रहे थे। इसका विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसे जमीन पर गिरा दिया और लाठी-डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**शपथ पत्र**

मैं सर्वेश कुमार, पिता—नागेश्वर यादव, पता— शिवपत्या सदन, हाउस नंबर—4डी, अपूर्वा इनक्लेव, लोहियापथ, जगदेव पथ पटना (बिहार) का निवासी हूँ, तथा शपथ पत्र सं० 4471 दिनांक 01.06.2026 के द्वारा यह सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र आयुष कुमार के जन्म प्रमाण पत्र में आयुष राज अंकित हो गया है जो गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम आयुष कुमार जन्म तिथि— 28.01.2013 है। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें सत्य व सही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएलएस-एसडीएएच-ओटी-26-001, दिनांक: 19.05.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/सियालदह, पहली मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/26-001। कार्य का नाम:** 01 वर्ष की अवधि के लिए सियालदह मंडल के अधीन नारकेलडांगा, बारासात, सोनारपुर एवं रानाघाट कारशेड के ईएमयू/एमईएमयू कोचों में पेस्ट कंट्रोल। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,95,020.80। **बयाना राशि:** ₹ 7,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-83/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/हसपुरा।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिसियप थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर तिताई बिगहा के समीप बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार दंपति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोनारखाप निवासी मोहम्मद सिराज के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक बाइक से अपने घर जा रहे थे तभी दो बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए जिसमें सिराज की मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ई. सुबोध सिंह ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी है और जिला प्रशासन से यथाशीघ्र मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। नेताओं ने कहा कि एनएच-139 अब



यह सिर्फ एक सड़क नहीं बल्कि अब 'मौत का कुआं' बन चुकी है। हसपुरा संवाददाता के अनुसार प्रखंड के फतेहपुर-सिहाड़ी सड़क पर तेज रफ्तार हाइवा ने पांच साल की बच्ची को रौंद दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना में मां और बड़ी बहन गंभीर रूप से घायल है। मृतका की पहचान फतेहपुर गांव निवासी इंद्र कुमार की पुत्री प्रतीक्षा कुमारी के रूप की हुई है। मां सीता देवी और बड़ी बहन इच्छा कुमारी का दाउदनगर में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार सिहाड़ी गांव में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार की रात सीता देवी अपनी दोनों बेटियों और कुछ ग्रामीणों के साथ प्रवचन सुनने गई थीं। प्रवचन समाप्त होने के बाद सभी लोग अपने घर लौट रहे थे। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की छोटी बेटी प्रतीक्षा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मासूम बच्ची की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने रात करीब साढ़े दस बजे से सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने क्षेत्र में बेलगाम रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनों पर रोक लगाने और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने पर हसपुरा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 51 किलो गांजा बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मद्य निषेध विभाग, पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर रिसियप थाना पुलिस ने एनएच-139 स्थित रिसियप थाना मोड़ के समीप एक कार के गुप्त तहखाने से 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने चार अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि मादक पदार्थों की खेप गुजरने की सूचना पर थाना मोड़ के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक संदिग्ध चार पहिया वाहन को रोककर तलाशी ली गई। बारीकी से जांच करने पर वाहन के अंदर विशेष रूप से बनाए गए गुप्त तहखाने का पता चला जहां से पैकेटों में छिपाकर रखा गया 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया



गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन के अलावा तीन मोबाइल फोन और एक जीपीएस ट्रैकर भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के नया मोहम्मदपुर निवासी रामनाथ प्रसाद एवं भरसर निवासी मुकेश कुमार तथा रोहतास जिले के डिहरी थाना क्षेत्र के पश्चिमी मोहन बिगहा निवासी सत्येंद्र प्रसाद और आयरकोठा थाना क्षेत्र के मौड़ीहा निवासी उपेंद्र उपाध्याय के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसकी आपूर्ति किस स्थान पर की जानी थी। तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# विभिन्न मामलों में 50 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में 4, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 40 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 19 लीटर देसी शराब, 51 किलोग्राम गांजा, 1 कार, 3 मोबाइल तथा 1 जीपीएससी बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1177 वाहनों की जांच की गई जिसमें 80000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# सहयोग शिविर के माध्यम से पात्र लाभुकों को मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के 25 ग्राम पंचायतों में मंगलवार को 'सहयोग शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। साथ ही पूर्व से लंबित अनेक मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी तथा उन्हें पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ



प्राप्त हुआ। सहयोग शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविरों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सहयोग शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सहयोग शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# हत्याकांड में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के जिला जज राजीव रंजन कुमार ने टंडवा थाना में दर्ज मामले में एक अभियुक्त को आजीवान कारावास की सज़ा और जुर्माना की सजा सुनायी है। घटना 22 साल पुरानी है। घटना को लेकर टंडवा थानान्तर्गत मनोहरी टोला नागाडीह में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के परिजनों द्वारा 12 मार्च 2004 को अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, ह्मयूमन इनटेलीजेन्स, घटनास्थल का निरीक्षण, एफएसएल टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूर्ण करते हुए वादी एवं साक्षियों का बयान तथा एफएसएल रिपोर्ट की गहनता से अवलोकन कर कांड दैनिकी में अंकित करते हुए अद्यतन कांड दैनिकी तथा आरोप पत्र न्यायालय में विचारण हेतु समर्पित किया। इसी क्रम में मंगलवार को जिला जज द्वारा सुनवाई पूर्ण करते हुए मनोहरी टोला नागाडीह के रहने वाले अभियुक्त लखन भुइयां को दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

# सिहरते ग्रामीण बदला नहीं बदलाव चाहते

**मियांपुर नरसंहार की 26 वीं बरसी पर कार्यक्रम का आयोजन | मूलभूत सुविधा नहीं, शिक्षा से निकला विकास का रास्ता**

**डॉ. उपेंद्र कश्यप/नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार में जातीय दुर्भावना और अतिवादी वाम संगठनों और निजी सेना के बीच जारी नरसंहारों के सिलसिला का अंतिम पड़ाव औरंगाबाद जिले का मियांपुर बना था। वर्ष 2000 में 16 जून की रात यहां 33 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी जिसमें महिला और बच्चों की संख्या अधिक थी। तमाम वादे नेताओं ने किया किंतु उसे निभाया नहीं गया। विकास की योजनाओं के नाम पर वह दृश्य अब भी याद आता है जब एक पेड़ में लेटर बॉक्स टांग कर डाकखाना खोल देने का दावा किया गया। काफी समय तक गांव पहुंचने लायक सड़क भी अच्छी नहीं बन सकी थी। 26 वर्ष हो गए उस नरसंहार के। विकास की छटपटाहट में ग्रामीणों ने बदला नहीं बल्कि बदलाव का रास्ता चुना और यहीं से तरक्की और समृद्धि दोनों गांव में आने लगे। हालांकि अभी यह गांव इतनी तरक्की नहीं कर गया है कि इसे विकसित गांव कहा जाए लेकिन युवाओं ने शिक्षा का रास्ता चुना और नौकरी के जरिए समृद्धि हासिल करने की कोशिश की जिसमें बहुत हद तक कामयाबी मिली। मंगलवार को 26 वीं बरसी पर कार्यक्रम का आयोजन कर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और श्रद्धांजलि भी दी गई। सभा की अध्यक्षता शिक्षक अमरेश कुमार तो संचालन शिक्षक निरंजन कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सीपीआई नेता सह गोह के अंचल महामंत्री सुरेश प्रसाद यादव मौजूद रहे। इनके अलावे शोकाकुल परिवार के सदस्यों में लक्ष्मण यादव, सुरेश यादव, रामप्रवेश यादव, रामाधार यादव, अशोक यादव, युगल पासवान, रामजी यादव, मुनेश्वर पासवान, उदय कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार, ब्रजेश कुमार, श्रीकांत कुमार, नीलेश कुमार, पप्पू कुमार, चंद्र देव मिस्त्री उपस्थित रहे। निरंजन कुमार ने कहा कि आज भी उस घटना को याद कर गांव के लोग सिहर जाते हैं लेकिन लोग बदले की नहीं बदलाव का संकल्प लिया और आज कलम के दम पर अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि मियांपुर हमारे हृदय में है। मैं हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। अमरेश कुमार ने कहा कि उतनी बड़ी घटना के बाद तमाम घोषणाएं हुयी लेकिन आज भी गांव का मूलभूत विकास नहीं हो सका है। ग्रामीण लालू यादव व अन्य ने बताया कि शिक्षा के दम पर यहां के आठ युवा शिक्षक बने। दो दारोगा, एक एमबीबीएस, एक रेलवे ड्राइवर, दो युवा बिहार पुलिस में गए। तीन युवा रेलवे में कर्मी बने। एक होमगार्ड, दो बीएएमएस डाक्टर बने। इसके अलावा कई युवा नौकरी एवं अन्य रोजगार के माध्यम से गांव की तस्वीर बदलने में अपना योगदान दे रहे हैं।

# सहयोग सह जनकल्याण शिविर में 187 मामलों का निष्पादन

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित विशेष सहयोग सह जनकल्याण शिविर में 187 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि शिविर में कुल 187 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 177 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। आयुष्मान भारत के 19, लाख पति दीदी के 6, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के एक , पीएम स्वनिधि के एक, राशन कार्ड के एक मामले का निष्पादन करने के साथ 149 लोगों का इलाज करने के साथ दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर योगेन्द्र प्रसाद सिंह, राकेश कुमार राम, ममता कुमारी आदि शामिल थे।




**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## संदेश

### विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस

प्रति वर्ष मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस पर हम भूमि और जल के महत्व पर चिंतन करते हैं। मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस 2026 का विषय "चारागाह पहचानें। सम्मान करें। पुनर्स्थापित करें" है। यह हमें दर्शाता है कि पृथ्वी की आधी से अधिक सतह को आच्छादित करने वाले चारागाह खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और जलवायु सहनशीलता बनाए रखने में कितने महत्वपूर्ण हैं। कई पीढ़ियों से पशुपालक और आदिवासी समुदाय अपनी संरक्षकता के माध्यम से इन भू-भागों की सुरक्षा करते आए हैं।

झारखण्ड राज्य जो समृद्ध वनों, उपजाऊ मिट्टी और विविध पारिस्थितिक तंत्रों से संपन्न है, आज वनों की कटाई, भूक्षरण और जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ये खतरे हमारे कृषि, जल संसाधनों और असंख्य परिवारों की आजीविका को प्रभावित कर रहे हैं। वैश्विक समुदाय का हिस्सा होने के नाते हमें अपनी भूमि के मूल्य को पहचानना होगा, पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करना होगा और बंजर क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करना होगा ताकि एक सतत् भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी भूमि का स्वास्थ्य हमारे लोगों की समृद्धि से जुड़ा हुआ है। जल संरक्षण, वनों की रक्षा, पर्यावरण से अनुकूल खेती अपनाने और भूमि क्षरण को रोकने के माध्यम से हम झारखण्ड की प्राकृतिक संपदा को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं। हमारी भूमि ही हमारा जीवन है और इसे पहचान कर, सम्मान देकर और पुनर्स्थापित करके हम न केवल अपने पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं।

**जोहार !**

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड

PR-382549 (Forest, Environment and Climate Changes) 26-27


# चलती ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड स्थित अंकोरहा रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-15 के समीप चलती ट्रेन से एक युवक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया। युवक की पहचान दरभंगा जिले के बहेरा थाना क्षेत्र के खटवासा गांव निवासी कृष्ण यादव के पुत्र संत कुमार के रूप में की गई है। वह मध्य प्रदेश के सिंगरौली स्थित एक माइंस में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। दरअसल, मंगलवार को अंकोरहा स्टेशन के पास एक युवक के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना आरपीएफ को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक बेहोश था और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि वह किसी ट्रेन से गिर गया है। बेहोशी की स्थिति में होने के कारण वह अपना नाम और पता बताने में असमर्थ था। युवक की पहचान नहीं हो पाने पर अस्पताल प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से उसकी तस्वीर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर साझा की ताकि परिजनों या परिचितों तक सूचना पहुंच सके। सोशल मीडिया पर तस्वीर पोस्ट किए जाने के लगभग डेढ़ घंटे बाद कुछ लोग सदर अस्पताल पहुंचे और घायल युवक की पहचान की। परिचितों ने बताया कि युवक सोमवार को अपने कार्यस्थल से छुट्टी लेकर घर लौट रहा था।

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एनएच-19 पर ओरा पुल के समीप ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के निमड़ी गांव निवासी 36 वर्षीय नित्यानंद कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि नित्यानंद ट्रैक्टर लेकर पोइवा गांव जा रहे थे। इसी क्रम में सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर पीने के लिए पानी भरकर नित्यानंद ला रहे थे कि तेजी से आ रही ट्रक ने कुचल दिया जिससे मौके पर उनकी मौत हो गई। हालांकि स्थानीय लोगों ने जिंदा समझकर ट्रैक्टर चालक को सदर अस्पताल पहुंचाने के बाद घटना की सूचना परिजनों को दी। जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि ट्रक की टक्कर से एक ट्रैक्टर चालक की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# जिले में 1,32,952 फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0, राजस्व महाअभियान, एग्रीस्टैक तथा पंचायत विकास दिवस की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, रितेश यादव एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत सभी नगर निकायों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रसंस्करण तथा मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) की स्थापना हेतु आवश्यक भूमि की पहचान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय आगामी 10 दिनों के भीतर भूमि चिन्हित कर इसकी सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। राजस्व महाअभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिला उत्तराधिकार नामांतरण एवं बंटवारा नामांतरण के मामलों के स्कैनिंग में राज्य के शीर्ष-10 जिलों में शामिल है। जिले में अब तक कुल 49,207 दस्तावेजों की स्कैनिंग की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त जमाबंदी को ऑनलाइन किए जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत 2,50,105 अभिलेखों की स्कैनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की जा चुकी है। एग्रीस्टैक की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में अब तक 1,32,952 फार्मर रजिस्ट्री (एफआर) का कार्य संपन्न किया जा चुका है। मुख्य सचिव ने इस कार्य में और तेजी लाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत विकास दिवस के आयोजन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।